ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

# दैनिक युरेशिया

वर्ष: 3 अंक : 165
मेरठ, मंगलवार , 16 अप्रैल, 2024
(पृष्ठ: 6)
मूल्य: 2 रूपया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार



नेताजी सावधानी बरतिएगा, आचार संहिता उल्लंघन का ... 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

झुके खंभे व झूलते तार से हादसे का खतरा.. 6

## एक नजर..

### सीमा हैदर, सचिन और उनकी शादी करवाने वाले को समन पाकिस्तानी पति की याचिका पर सुनवाई

पानीपत, अपने प्रेमी सचिन से मिलने अवैध रूप से भारत आयी पाकिस्तान की सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर की याचिका पर सोमवार को यूपी के गौतमबुद्ध नगर स्थित फैमिली कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सीमा हैदर, सचिन, उनका विवाह करवाने वाले पंडित और डॉ. एपी सिंह को समन जारी किया। गुलाम हैदर के वकील मोमिन मलिक ने बताया कि फैमिली कोर्ट ने इन सभी को 27 मई को खुद पेश होकर या अपने वकील के माध्यम से जवाब देने का आदेश दिया है।

सीमा हैदर अपने चार नाबालिग बच्चों के साथ नेपाल के रास्ते भारत आयी है। गुलाम हैदर की तरफ से सीमा और सचिन की शादी व उनकी सालगिरह को कोर्ट में चुनौती दी गई है। इसके अलावा, नाबालिग बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया और सीमा द्वारा धर्म बदलने को लेकर भी चुनौती दी गई है। उसके वकील का दावा है कि सीमा और गुलाम हैदर का तलाक नहीं हुआ, ऐसे में सचिन के साथ उसकी शादी कानूनन गलत है।

### बीजद के पूर्व सांसद प्रभास कुमार भाजपा में




नयी दिल्ली, (एजेंसी) बीजू जनता दल (बीजद) के पूर्व सांसद प्रभास कुमार सिंह लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से कुछ दिन पहले सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। ओडिशा की बारगढ़ सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके सिंह ने कहा कि बीजद में कोई 'गरिमा और आत्म-सम्मान' नहीं बचा है। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी में उनका स्वागत किया।

### मुर्शिदाबाद के डीआईजी को हटाने का आदेश

नयी दिल्ली (एजेंसी) । निर्वाचन आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के डीआईजी को हटाने का आदेश दिया। उन्हें जिले में हिंसा तथा अन्य घटनाओं को तुरंत रोकने में कथित तौर पर 'पर्यवेक्षण की कमी' को लेकर हटाया गया है। आयोग ने कहा कि जिले में दो हिंसक घटनाएं हुई, जिनमें हथियारों और विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया। सूत्रों ने बताया कि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी मुकेश को हटाया जा रहा है।

### रोडरेज में कैब चालक की हत्या




नयी दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली में लाल किले के समीप कथित तौर पर 'रोडरेज' की एक घटना में एक कैब चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी, जबकि एक भिखारी गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि उन्हें एलएनजेपी हॉस्पिटल से रविवार देर रात सूचना मिली कि जाकिर नगर निवासी मोहम्मद साकिब के साथ ही पलवल निवासी लवकुश (15) को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एमके मीणा ने यह जानकारी दी।

उत्तर से दक्षिण तक धुआंधार प्रचार

# संवैधानिक संस्थाएं पीएम की निजी संपत्ति नहीं : राहुल गांधी










वायनाड, (एजेंसी) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाएं उनकी निजी संपत्ति नहीं है बल्कि यह प्रत्येक भारतीय नागरिक की हैं। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर देश के सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी ने कहा कि आम चुनाव में लड़ाई संविधान की रक्षा करने और उसे नष्ट करने की चाह रखने वालों के बीच है।वह इस पहाड़ी निर्वाचन क्षेत्र के वेल्लीमुंडा में रोड शो करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को संबोधित कर रहे थे। गांधी ने कहा कि संविधान वह दस्तावेज है जो सभी भारतीयों के अधिकारों की रक्षा करता है, चाहे वे कोई भी भाषा बोलते हों, चाहे किसी भी समुदाय से हों, चाहे किसी भी धर्म को मानते हों और चाहे किसी भी राज्य के निवासी हों। उन्होंने कहा कि संविधान की नजर में सभी एक समान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुछ सांसद पहले और अब भी कह रहे हैं कि वे संविधान को बदल देंगे। राहुल ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारी है कि वह प्रत्येक भारतीय नागरिक की उसके समुदाय, धर्म और राज्य से परे जाकर रक्षा करे।ए वह दूसरी बार वायनाड में चुनाव प्रचार करने के लिए आए हैं। केरल की सभी 20 लोकसभा सीट के लिए लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

### हर दिन हो रही 100 करोड़ की जब्ती : चुनाव आयोग

नयी दिल्ली, (एजेंसी) निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव अधिकारी एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती कर रहे हैं। आयोग ने बताया कि प्रवर्तन अधिकारी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले ही 4,650 करोड़ रुपये की जब्ती कर चुके हैं, जो 2019 लोकसभा चुनावों में की गई 'कुल जब्ती से अधिक' है। 'ऐसे में जब 2024 के आम चुनाव की प्रक्रिया जारी है, आयोग देश में लोकसभा चुनाव के 75 वर्षों के इतिहास में सबसे अधिक जब्ती करने की राह पर है।' प्रवर्तन एजेंसियों ने धनबल पर रोक लगाने के लिए 4,650 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की है। कुल जब्ती में 395 करोड़ रुपये नकद, 489 करोड़ रुपये से अधिक की शराब और 2,069 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में गुजरात, पंजाब, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम में चुनावों के दौरान बड़ी मात्रा में जब्ती की गई है।

### कांग्रेस ने चुनाव गीत किया जारी



नयी दिल्ली (एजेंसी) : कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को चुनाव अभियान से जुड़ा एक गीत (कैम्पेन सॉन्ग) जारी किया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश और प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कांग्रेस मुख्यालय में 'हम साथ हैं तो हाथ ये हालात बदल देगा' बोल वाला यह गीत जारी किया। रमेश ने संवाददाताओं से कहा, 'कांग्रेस के प्रचार अभियान का पहला चरण था-'मेरे विकास का दो हिसाब'। इसके बाद हमारा चुनाव अभियान 'हाथ बदलेगा हालात' शुरू हुआ। इसके साथ कांग्रेस ने अपना 'न्याय पत्र' जारी किया था, जिसमें हमने 5 न्याय की 25 गारंटी दी हैं। हमने अपने प्रचार को जारी रखते हुए एक गीत तैयार किया है, जिसे आज जारी किया जा रहा है।'

### राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की जांच



नीलगिरी (एजेंसी): तमिलनाडु के नीलगिरी में निर्वाचन अधिकारियों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर आए एक हेलीकॉप्टर की सोमवार को जांच की। पुलिस ने बताया कि उड़ान दस्ते के अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर के यहां उतरने के बाद उसकी तलाशी ली। राहुल केरल में अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड जा रहे थे जहां उनका जनसभा को संबोधित करने समेत कई चुनाव प्रचार गतिविधियों में भाग लेने का कार्यक्रम था। वह लगातार दूसरी बार वायनाड से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

# केजरीवाल से अपराधियों जैसा सलूक

## दिल्ली के सीएम से जेल में मिले भगवंत मान बीच थी कांच की दीवार, फोन के जरिये हुई बात, बोले



नयी दिल्ली, (एजेंसी) पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को तिहाड़ जेल में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद आरोप लगाया कि उनके साथ खूंखार अपराधी जैसा व्यवहार किया जा रहा है। मान ने कहा कि वह आधे घंटे के लिए मिले, लेकिन दोनों के बीच कांच की दीवार थी, फोन के जरिये बातचीत हुई।

वहीं, आम आदमी पार्टी ने कहा कि दिल्ली में उसकी सरकार 'उचित प्रारूप' के तहत जेल से काम करना शुरू करेगी और मुख्यमंत्री केजरीवाल अगले सप्ताह से दो मंत्रियों से मिलने की योजना बना रहे हैं।

मुलाकात के बाद मान ने कहा, 'मैं उन्हें देखकर भावुक हो गया। उनके साथ एक खूंखार अपराधी की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनकी गलती क्या है? क्या यह उनकी गलती है कि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक, स्कूल, अस्पताल बनाए? उनके साथ ऐसे व्यवहार कर रहे हैं, जैसे किसी बड़े आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया हो।' पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल ने उन्हें विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवारों के प्रचार के लिए विभिन्न स्थानों पर जाने के लिए कहा है। उन्होंने दावा किया कि 4 जून को लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने पर आम आदमी पार्टी एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरेगी। मुलाकात के दौरान मान के साथ मौजूद आप सांसद संदीप पाठक ने कहा कि जेल के अंदर रहते हुए भी उन्हें दिल्ली के लोगों की चिंता है।

**आबकारी नीति मामले में एक और गिरफ्तारी**

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में चनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के कोष का कथित तौर पर 'प्रबंधन' किया था। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सिंह को धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया था। ईडी द्वारा इस मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है। ईडी ने पूर्व में अदालत को सूचित किया था कि चनप्रीत सिंह ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान आप के लिए प्रचार करने वाले लोगों, सर्वेक्षणकर्ताओं, क्षेत्र प्रबंधकों, विधानसभा प्रबंधकों और अन्य लोगों के लिए नकद भुगतान का 'प्रबंधन' किया था।

### कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं



नयी दिल्ली (एजेंसी) रू आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अदालत से फिलहाल राहत नहीं मिली है। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी। केजरीवाल को वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश किया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह कहते हुए हिरासत बढ़ाने की मांग की कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि सुनवाई 29 अप्रैल से शुरू होने वाले सप्ताह में की जाएगी। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने पीठ से कहा कि वह कुछ तथ्य दिखाना चाहते हैं जो अदालत की अंतरात्मा को 'झकझोर' देंगे। सिंघवी ने आम चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद उनकी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि 'हर जगह चुनिंदा लीक' से हर किसी की एक गलत धारणा बन रही है। जस्टिस खन्ना ने कहा, 'मुझे चुनिंदा लीक की जानकारी नहीं है।' सिंघवी ने जल्द सुनवाई की जरूरत को रेखांकित करते हुए शुक्रवार की तारीख मांगी। इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा, हम एक उचित तारीख देंगे, एक अत्यंत निकट तारीख, लेकिन वह नहीं जो आप कह रहे हैं, यह संभव नहीं है।

# कविता की जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस



नयी दिल्ली, (एजेंसी) राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत अर्जी पर सोमवार को सीबीआई को नोटिस जारी किया। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया और संघीय एजेंसी को 22 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी एवं बीआरएस की विधान परिषद सदस्य कविता को सीबीआई ने तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद से वह तिहाड़ जेल में बंद थीं। कविता ने अपनी जमानत अर्जी में कहा है कि वह लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की एक 'स्टार प्रचारक' हैं।

# जहाज के चालक दल से जल्द मिल सकेंगे भारतीय अधिकारी

## ईरान के विदेश मंत्री का जयशंकर को आश्वासन



नयी दिल्ली, (एजेंसी) ईरान और इस्राइल में तनाव के बीच भारत के लिए राहत की खबर आयी है। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा है कि उनका देश भारत के अधिकारियों को जब्त किये गए मालवाहक जहाज के चालक दल के भारतीय सदस्यों से मिलने की जल्द ही अनुमति देगा। ईरान के विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, अब्दुल्लाहियन ने रविवार को टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर को इस बात से अवगत कराया।

बयान के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्री ने भारत सरकार से गाजा में युद्ध रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के जरिये अपनी सक्रिय भूमिका जारी रखने का आग्रह किया। अब्दुल्लाहियन ने कहा कि गाजा, क्षेत्र में मौजूदा संकट का केंद्र बिंदु है।

बातचीत में, जयशंकर ने पुर्तगाली झंडे वाले मालवाहक जहाज एमएससी एरीज पर सवार चालक दल के 17 भारतीय सदस्यों को रिहा करने की अपील की। ईरान के विदेश मंत्रालय के बयान में अब्दुल्लाहियन के हवाले से कहा गया है, 'हम जब्त जहाज से जुड़ी स्थिति की सक्रियता से निगरानी कर रहे हैं। जहाज के चालक दल के सदस्यों से भारत सरकार के प्रतिनिधियों के मिलने के लिए जल्द ही इंतजाम किया जाएगा।' ईरान के विशेष नौसेना बलों ने इस्राइल से संबंध होने के कारण इस जहाज को जब्त किया है।

**ईरान के 80 ड्रोन अमेरिका ने किए नष्ट**

वाशिंगटन (एजेंसी) रू अमेरिका ने इस्राइल पर ईरान द्वारा छोड़े गए 80 से अधिक ड्रोन और 6 बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि इसमें एक बैलिस्टिक मिसाइल और यमन के हूती नियंत्रित इलाकों में नष्ट किए गए 7 मानवरहित यान या ड्रोन शामिल हैं। ईरान ने इस्राइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं, जिसे तेहरान ने सीरिया में ईरान के दूतावास पर एक अप्रैल को किए उसके हमले की प्रतिक्रिया बताया है। जी-7 देशों के नेताओं ने इस्राइल के खिलाफईरान के सीधे और अप्रत्याशित हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस घटनाक्रम के कारण क्षेत्र में अनियंत्रित तनाव बढ़ने का खतरा है। इस्राइल ने इस हमले को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून का 'स्पष्ट उल्लंघन' बताया। वहीं, ईरान ने कहा कि उसने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत आत्मरक्षा के अधिकार का प्रयोग करते हुए यह अभियान शुरू किया।

# इस साल झमाझम बरसेगा मानसून

## देश में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान



नयी दिल्ली, (एजेंसी) इस साल देश में झमाझम बारिश होगी। मौसम विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह पूर्वानुमान जताया। मानसून के दौरान पूरे देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पूरे देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के तहत एक जून से 30 सितंबर के बीच 106 फीसदी बारिश हो सकती है।

महापात्रा ने कहा कि मौसम विभाग पूर्वानुमान में अल नीनो, ला नीनो, हिंद महासागर द्विध्रुव स्थितियां और उत्तरी गोलार्ध में बर्फीले आवरण संबंधी स्थिति के प्रभाव को देखता है और यह सभी स्थितियां इस बार भारत में अच्छे मानसून के अनुकूल हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की प्रबल संभावना है। उन्होंने कहा कि 1971 से 2020 तक के बारिश के आंकड़ों के आधार पर हाल के वर्षों में नयी दीर्घावधि औसत पेश की गई है, जिसके तहत एक जून से 30 सितंबर के बीच पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर बारिश होती है। उन्होंने कहा कि अगर मानसून लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलपीए) की 96 फीसदी से 104 प्रतिशत के बीच बारिश होती है तो वह सामान्य मानी जाती है। एलपीए की 106 फीसदी बारिश सामान्य से अधिक की श्रेणी में आती है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र पर अल नीनो की मध्यम स्थिति बनी हुई है तथा मानसून के शुरुआती दौर में अल नीनो की स्थिति और कमजोर होकर तटस्थ अल नीनो-दक्षिणी दोलन में बदलने की संभावना है। इसके बाद अगस्त-सितंबर में ला नीना स्थितियां विकसित होंगी।

### हिमाचल, उत्तराखंड सहित कुछ हिस्सों में कम वर्षा के आसार

मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना दिख रही है। उसके मुताबिक इसी तरह से पूर्वोत्तरी राज्यों- असम, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के आसपास के इलाकों में भी सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। पूर्वी राज्यों- ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड के कुछ हिस्सों व पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानी इलाकों में भी सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है।

## एक नजर..

### अभिमन्यु गुप्ता को समाज सेवा के लिए किया सम्मानित




युरेशिया संवाददाता

बागपत। कमला देवी सरस्वती शिशु मंदिर शास्त्री नगर में विश्व गीता संस्थान की ओर से मंगल मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें गीता संस्थान के राष्ट्रीय संस्थापक आचार्य राधाकृष्णन मनोडी ने सभी से गीता के बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने बताया गीता में मानव मात्र का कल्याण निहित है। गीता मानव को सुखी एवं संस्कारित जीवन जीने की राह दिखाती है। इस अवसर पर डीएन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ विनोद कुमार ने भगवान श्री कृष्ण द्वारा गीता के माध्यम से जीवन जीने की कला का वर्णन किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से बागपत जनपद के समाजसेवी अभिमन्यु गुप्ता को निस्वार्थ समाज सेवा के लिए सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्था की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती तुषार शर्मा ने कहा कि अभिमन्यु गुप्ता निस्वार्थ भाव से वंचित समाज की सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम के प्रभारी डॉक्टर जितेंद्र त्यागी ने कहा कि अभिमन्यु गुप्ता निरंतर समाज की सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम मेँ सभी ने गीता के प्रसार के लिए तन मन धन से समर्पित भाव से कार्य करने की शपथ ली।

### जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष बने महेश आर्य

विपुल जैन /युरेशिया



बागपत। जवाहरपुर मेवला गांव के रहने वाले महेश आर्य को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन बागपत का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इसको लेकर लोगों ने उन्हें बधाई दी है। महेश आर्य ने अपने जिला अध्यक्ष बनने के बाद कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी व दायित्व सौपे हैं, उसका वह भली भांति पालन करेंगे और संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और भी अधिक मजबूत बनाया जाएगा। महेश आर्य ने कहा कि वक्त के साथ जनसंख्या नियंत्रण कानून का बनना बेहद जरूरी है। यदि जल्द ही यह कानून नहीं बना तो आने वाले समय में इसके भयानक परिणाम हम सबको ही भुगतने पड़ेंगे। कहा कि आज देश में जनसंख्या तेजी से बढ़ती जा रही है, इस पर अंकुश लगाना नितांत आवश्यक है। यदि इस पर अंकुश न लगा तो आने वाले समय में हालात ओर भी विस्फोटक हो जाएंगे, जो हमारी आने वाली पीढ़ी को ही भुगतने पड़ेंगे। जनसंख्या के बढ़ने से आज सारा सिस्टम गड़बड़ाता जा रहा है। देश में बढ़ रही बेरोजगारी व महंगाई सब इसकी जननी है। इसलिए सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द इस कानून को बनाने के लिए हरी झंडी दे। उन्होंने सभी से इस कानून के समर्थन में खड़े होने की बात कही। साथ ही अन्य लोगों को भी जनसंख्या नियंत्रण कानून के प्रति जागरूक किया।

### जैन मिलन खेकड़ा के मनोज जैन पुनः अध्यक्ष व महेश जैन मंत्री बने



विपुल जैन /युरेशिया

बागपत। जैन मिलन की एक सभा जिनेश जैन मारकपुर वालों के निज निवास स्थान पर जैन मिलन के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन की अध्यक्षता में हुई।

सभा का संचालन जैन मिलन के संरक्षक जनेश्वर दयाल जैन ने किया। सभा का शुभारंभ भगवान महावीर प्रार्थना के साथ शुरू किया गया। सभा में वर्ष 24 - 25 के लिए नवनिर्मित जैन मिलन कमेटी के चुनाव कराए गए। चुनाव प्रभारी राकेश जैन बोधी की देखरेख में सम्पन्न हुए। पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार और मंत्री महेश जैन के कार्यकाल में किए गए कार्यों की सभी ने सराहना की और चुनाव में सभी की सहमति से मनोज जैन को अध्यक्ष, महेश जैन को मंत्री, मनोज जैन को कोषाध्यक्ष, प्रदीप कुमार जैन को उपाध्यक्ष, संजय जैन को उपमंत्री, मुनील जैन को धार्मिक मंत्री, वीरदमन जैन व अंकुश जैन को टूर मंत्री तथा संजय जैन को प्रचार मंत्री बनाया गया। मिलन के संरक्षक राकेश जैन और जनेश्वर दयाल जैन रहे। सभा के अंत में जैन मिलन खेकड़ा के वरिष्ठ संरक्षक शिवचरण जैन जी के निधन पर सभी ने नौ बार णमोकार मंत्र पढ़कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभा में उपस्थित जैन समाज के प्रधान जिनेश जैन, जैन इंटर कॉलेज के अध्यक्ष नरेश चंद जैन ,अनिल जैन ,राकेश कुमार जैन ,संजीव जैन, जनेश्वर दयाल जैन ,मनोज कुमार जैन ,महेश जैन, सुमेर जैन, नवीन जैन, वीरदमन जैन ,प्रदीप कुमार जैन, धर्मेंद्र जैन, मनीष जैन ,साहिल जैन ,सौरभ जैन, सिद्धांत जैन ,मनोज जैन आदि ने नवनिर्वाचित नई कार्यकारिणी कमेटी का स्वागत किया। सभा का समापन पंचपरमेष्ठी से किया गया।

### फ़जलपुर में दो दिवसीय मेला शुरू कई प्रांतो से आए हजारों श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नत।



युरेशिया संवाददाता

बिनौली। फ़जलपुर सुंदरनगर गांव के मा भगवती देवी मंदिर परिसर में चौत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में दो दिवसीय मेला सोमवार को शुरू हुआ। जिसमे दूर दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने मा के दरबार में प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी।

आयोजन का शुभारंभ पंडित सज्जन शास्त्री के निर्देशन में मंत्रोच्चारण व पूजा अर्चना के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष पति जयकिशोर व कस्बा अमीनगर चेयरमेन सुनीता मलिक ने किया। इसके उपरांत मंदिर परिसर में मा भगवती के दरबार विशेष पूजा अर्चना हुई। जिसके बाद दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान आदि प्रांतों से आए हजारों श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी तथा मेले में लगे सेंकड़ींजमकर खरीददारी की। बच्चों व युवाओं ने कई तरह के झूलों, ड्रेगन ट्रेन, स्विमिंग पूल व जादू का जमकर लुफ्त उठाया। इंस्पेक्टर एमपी सिंह के निर्देशन में पुलिस बल मौजूद रहा। आयोजन में मंदिर समिति अध्यक्ष चरण सिंह शर्मा, प्रबंधक मास्टर अरुण कुमार अरोरा व मेला संयोजक ग्राम प्रधान सुधीर राजपूत, ब्रह्मदत्त शर्मा, सतीश पाल, कुलदीप, बबली कश्यप, विपिन अरोरा, सचिन, महेश शर्मा, अनिल, ओमेंद्र, सुशील आदि का सहयोग रहा।

# कुल540 पोलिंग पार्टियों के 2112 कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

### 48 कार्मिक प्रशिक्षण में रहे अनुपस्थिति

युरेशिया संवाददाता



बागपत । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी ,सकुशल, संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारीध् जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें प्रथम पाली में पार्टी संख्या 1 से लेकर 270 पार्टी संख्या तक प्रशिक्षण दिया गया जबकि द्वितीय पाली में 271 से 540 पार्टी संख्या तक प्रशिक्षण दिया गया एक पार्टी में चार मतदान कार्मिकों को रखा गया है जिसके क्रम में आज 2160 कुल कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था जिसमें से कुल 48 कार्मिक प्रशिक्षण लेने में अनुपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डी के सक्सेना सहित आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग मतदाताओं को सशक्त करेगा सक्षम एप, स्वीप बागपत एप पर हुआ इंटीग्रेट

### सक्षम एप बनेगा दिव्यांग मतदाताओं के लिए मददगार, एक क्लिक पर सुविधाओं का ले सकेंगे लाभ

### निर्वाचन की सफलता को आयोग कर रहा तकनीकी का भरपूर उपयोग, अब स्वीप बागपत एप पर सक्षम एप उपलब्ध



युरेशिया संवाददाता

बागपत। दृ निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है। इन्हीं सुविधाओं में से एक है सक्षम एप जिसका लिंक हैरू https://linktr.ee/sveep https://play.google.com/store/apps/details?id=pwd.eci.com.pwdapp

सक्षम मोबाइल एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को स्वीप बागपत एप पर अथवा गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर प्रयोग किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल बनाने के लिए डिजाइन, ले-आउट, इंटरफेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है।

इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संब्रद्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफ इंटरैक्टिव प्लेटफार्म के रूप में डिजाइन किया गया है। सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

# क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र केबिनेट सदस्यों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

युरेशिया संवाददाता



बड़ौत। बड़ौत नगर के क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में छात्र कैबिनेट सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉव मनीष तोमर, संस्थापक मेडिसिटी हॉस्पिटल, बड़ौत, विशेष अतिथि डॉव मुकुल तोमर, वैज्ञानिक, शिकागो अमेरिका, जे.पी. सिंह, प्रधानाचार्य, केहर सिंह दिव्य पब्लिक विद्यालय, बड़ौत, विद्यालय मैनेजर सिस्टर रोजलिन और प्रधानाचार्या सिस्टर डॉ. जस्सी जोस आदि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉव सिस्टर जस्सी जोस ने सभी अतिथियों का स्वागत पौधे और माला पहनाकर किया। इसके पश्चात उज्ज्वल सिंह, हेड ब्वॉय, प्राची बालियान हेड गर्ल और विद्यालय में चुने गए अन्य केबिनेट सदस्यों ने अपने पद के अनुसार जिम्मेदारियाँ निभाने की शपथ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और प्रधानाचार्या के समक्ष ली। तदोपरान्त कार्यक्रम में वर्ष 2023-24 मे मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रधानाचार्या द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। डॉव मनीष तोमर ने अपने वक्तव्य में विद्यालय के बच्चों के अनुशासन, संस्कार और सभ्यता की भी प्रशंसा की। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रसर होने के लिए विद्यार्थियों को विभिन्न तरीको से अवगत कराया तथा चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक के विषय में ज्ञान दिया। मुख्य अतिथि द्वारा स्वस्थ जीवन जीने की शैली और उन्नति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। डॉव मुकुल तोमर, वैज्ञानिक शिकागो, क्रिस्तु ज्योति कॉनवेट सीनियर सैकेंडरी विद्यालय के वर्ष 2008-2009 के छात्र रहे हैं, उन्होंने विद्यालय की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्या सिस्टर ड्रॉव जस्सी जोस के द्वारा अतिथियों का धन्यवाद करते हुए शाल एवं स्मृति चिह्न देकर उनको सम्मानित किया गया। विद्यालय हैड़ गर्ल एव हैड़ ब्वॉय के द्वारा भी सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रधानाचार्या ने शपथ ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को बधाईयाँ देते हुए अपना कार्य ईमानदारी और निष्ठापूर्वक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मैनेजर सिस्टर रोजलिन, उपप्रधानाचार्या सिस्टर अनु थैरेस, सिस्टर विनिता, सिस्टर एन्सा जीस, योगेन्द्र शर्मा, ममता रानी, दीपा रानी, साबू वल्लानाटू, शीतल, सुरेखा, सुधांशु, अभिषेक के साथ-साथ विद्यालय के सभी अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं अभिभावकों का सहयोग रहा।

# 400 सीटें पाकर भाजपा संविधान,आरक्षण और चुनाव खत्म कर देना चाहती है: संजय सिंह

### AAP सांसद संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा संविधान को खत्म करने वाली भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकिए

### सांसद संजय सिंह ने कहा AAP का एक एक कार्यकता इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी सुनीता वर्मा को जिताने का काम करेगा



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह का मुजफ्फरनगर के सिसौली जाते हुए मेरठ में कार्यकर्ताओं ने मोदीपुरम बाईपास पर जोरदार स्वागत किया। संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी सुनीता वर्मा को भारी मतों से विजई बनाएं, मेरठ में भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. 6 माह के लंबे अंतराल के बाद कार्यकर्ता अपने नेता को बीच में पाकर गदगद और उत्साह पूर्ण दिखाई दिए। संजय सिंह ने कहा भाजपा 400 पार का नारा लगा रही है सही मायने में भाजपा की नियत सरकार बनाने के लिए बहुमत की नहीं है बल्कि 400 से ज्यादा सीटें पाकर संविधान खत्म करने की मंशा है । उन्होंने भाजपा नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि अयोध्या से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार लल्लू सिंह ने दो तिहाई से ज्यादा सीटें पाकर संविधान खत्म करने की बात कही, पूर्व सांसद अनंत कुमार हेगड़े और ज्योति मिर्धा ने भी संविधान खत्म करने की बात कही है। इसी तरह रविवार को मेरठ के भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल ने भी संविधान खत्म करने की बात स्वीकार कर ली। भाजपा नेताओं के इन बयानों से साफ है अगर भाजपा 2024 के चुनाव में गलती से भी जीत गई तो भाजपा संविधान, आरक्षण और चुनाव को खत्म कर देगी। इसलिए देश के 85: दलितों पिछड़ों वंचितों शोषितों सावधान हो जाइए और इस बार संविधान को खत्म करने वाली भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकिए। संजय सिंह ने कहा देश में अघोषित इमरजेंसी लागू है फर्जी मुकदमे लगाकर विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है. चुनाव के एन वक्त अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर पार्टी के प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने से रोका गया। भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है, जनता जेल का जवाब वोट से देगी। आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल के साथ मजबूती से साथ खड़ा है । संजय सिंह ने भाजपा के संकल्प पत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र एक जुमला पत्र है महंगाई बेरोजगारी और किसानों की एमएसपी इस संकल्प पत्र से गायब है, भाजपा के पिछले संकल्प पत्र के वादे अभी तक जमीन पर नही उतरे हैं। दो करोड़ नौकरियां, खाते में 15 लाख रुपया, किसानों की दोगुनी आय का वादा जुमला हो गया। भाजपा के संकल्प पत्र के बहकावे में न आए ये पूरी तरह से जुमला पत्र है । महंगाई चरम पर है आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है आटा दाल दूध सब्जी पेट्रोल डीजल रसोई गैस सब महंगे हो गए है.400 का सिलेंडर 1200 में मिल रहा है।संजय सिंह के साथ प्रमुख रूप से दिल्ली सरकार के विधायक दिलीप पांडेय,वरिष्ठ नेता हर्ष कालरा, प्रांत अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका और मेरठ जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी, महानगर अध्यक्ष अंकित गिरी, जिला मीडिया प्रभारी हर्ष वशिष्ठ, जिला संरक्षक एसके शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी हेम कुमार, एससी-एसटी जिलाध्यक्ष भूप सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हबीब अंसारी, जिला उपाध्यक्ष देशवीर सिंह, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फुरकान त्यागी, कैंट विधानसभा अध्यक्ष भरत लाल यादव, किठौर विधानसभा अध्यक्ष, जिला सचिव नीलम शर्मा, जिला सचिव अनिल सुरानिया, जिला सचिव नीलम शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ विंग कपिल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष माइनारिटी विंग गुरमिंदर सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य अय्यूब कस्सार, जिला कार्यकारिणी सदस्य सचिन वाल्मीकि, बंटी जाटव, फारूख किदवई, ईस्माइल त्यागी, विनय, कुलविंदर कंडारी, सलीम मंसूरी, वैभव मलिक, रियाजउद्दीन, आदिल, जसबीर सिंह, यासीन मलिक, पदम, मिन्टी, विकास, सलमान, रोबिन, अमित, इमरान, गोल्डी, अनुज, विशाल सहित कई कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

### टटीरी में आयोजित महायज्ञ में पहुंचे अतिथियों का किया सम्मान



विपुल जैन /युरेशिया

बागपत। टटीरी कस्बे में आयोजित 51 कुण्डीय विशाल सहस्त्रचन्ड़ी महायज्ञ एवं संत समागम् में दूर-दराज क्षेत्रों से प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण पहुँच रहे है।

परम पूज्नीय स्वदेश स्वरूप ब्रहमचारी जी महाराज वृंदावन वालो ने यज्ञ के छठे दिन यज्ञ के महत्व और यज्ञ की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण और वैदिक धर्म का सार है। यज्ञ ही संसार का श्रेष्ठतम कर्म है। बताया कि यज्ञ हमारी प्रतिदिन की पूजा में शामिल होना चाहिए। यज्ञ के आयोजन से भौतिक सम्पदा प्राप्त होने के साथ-साथ आध्यात्मिक सम्पदा भी प्राप्त होती है। 51 कुण्डीय विशाल सहस्त्रचण्डी महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अंकुर पंड़ित व राजेश पंडित गढ़ वालों ने बताया कि 17 अप्रैल 2024 को यज्ञ की पूर्ण आहुति होगी और विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। यज्ञ आचार्य पंड़ित मनोहरलाल जी निबाली वालो ने बताया कि यह महायज्ञ विश्व तथा क्षेत्र की सुख शान्ति एवं समृद्धि हेतु किया जा रहा है। सेवादार प्रवीण कुमार ने बताया कि महायज्ञ में श्रद्धालुगण यज्ञ में आहुति देने के साथ -साथ, संगीतमय काशी जी आरती, संतो के प्रवचन, भगवान के भजन, कीर्तन और भक्तिमय नृत्य व नाटिकाओं में बढ़चढ़कर भाग ले रहे है। समिति के महामंत्री संजीव शर्मा और दीपक गोयल ने बताया कि श्रद्धालुगण महायज्ञ में अपने शारीरिक, मानसिक, आर्थिक कष्ट निवारण हेतु यज्ञ भगवान की 108 परिक्रमा कर रहे है। समिति के कोषाध्यक्ष प्रवीण गोयल व मनोज गुप्ता मितली वालो ने बताया कि आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जलपान और खाने की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। यज्ञ कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी संजय रूहेला सभासद बागपत, राजीव मित्तल उर्फराजू, एड़वोकेट अचिन गर्ग, डा प्रशान्त शर्मा, आलोक शर्मा, भूषण गुप्ता, कपिल गुप्ता उर्फकन्हैया, विशाल गुप्ता सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### देवी कालरात्रि के जयकारों से गूंज उठे मंदिर



विपुल जैन /युरेशिया

बागपत। नवरात्र के सातवें दिन मंदिरों में मां भगवती के सातवें स्वरूप देवी कालरात्रि की विधि-विधान के साथ पूजा -अर्चना की गई। काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे और उन्होंने देवी का गुणगान किया।

शिक्षक संजीव अजमेरिया ने अपने आवास पर देवी कालरात्रि की पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है और ब्राहमांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है और रूप भयानक है। यह अंधकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति है। इस देवी के तीन नेत्र है, जो ब्राहमांड के सामान गोल है। इनकी सांसों से अग्नि निकलती रहती है। इनका रूप भले ही भयंकर हो, लेकिन यह सदैव शुभ फल देने वाली मां है। इसलिए यह शुभंकारी कहलाई जाती है। अर्थात इनसे भक्तों को किसी भी प्रकार से भयभीत या आतंकित होने की कतई आवश्यकता नहीं है। इनके साक्षात्कार से भक्त पुण्य का भागी बनता है। दानव, दैत्य, राक्षस और भूत-प्रेत इनके स्मरण से ही भाग जाते है।

### कोणार्क विद्यापीठ में बच्चों को आग से बचाव के दिए टिप्स




विपुल जैन /युरेशिया

बागपत। कोणार्क विद्यापीठ में फायर ऑफिसर विश्वास मलिक के नेतृत्व में अग्निशमन यंत्रों पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें फायर ऑफिसर विभाग से मुकेश कुमार, बागेश्वर त्यागी, कुंदन कुमार झा, अमरजीत, तरुण, गयूर एवं ललित के द्वारा विभिन्न प्रकार से आग को बुझाने की तरीके बताए गए। अग्निशमन यंत्र का किस तरह से प्रयोग किया जाए एवं सावधानी पूर्वक किसी भी प्रकार की आग को किस तरह से बुझाया जाए बताया गया। इसके अलावा उनके द्वारा एक ड्राइंग कंपटीशन भी कराया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दो छात्रों जिसमें एहसास दीप एवं इशिका को ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र धामा ने भी बच्चों को आग बुझाने के यंत्रों के बारे में सीखने के लिए प्रेरित किया और बढ़ चढ़कर इस तरह के कार्यक्रम भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने भी बच्चों को आग को नियंत्रित करने के उपाय सावधानीपूर्वक सीखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय उप प्रबंधक अंकित धामा, रामचंद्र, शक्ति राजदान, सविता शर्मा, शालु जैन, मोनिका कौशिक, नलिनी शर्मा, शालिनी शर्मा, विचित्रमणि त्यागी, अंशु तोमर, रुचिका यादव बिशप शर्मा इत्यादि शिक्षक गण मौजूद रहे।

## संपादकीय

# संकल्प के सवाल
# जन-कसौटी पर भी खरे उतरें वायदे



संजय त्यागी 'महादेव'

कांग्रेस द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद अब सत्तारूढ़ भाजपा ने भी अपना संकल्प पत्र जारी किया है। पार्टी ने वंचित समाज को केंद्र में रखकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को अपने संकल्प पत्र को जारी करने के दिन के रूप में चुना। संदेश देने का प्रयास किया कि उसे देश के वंचित समाज के अहसासों की फिक्र है। दो कार्यकालों की रीति-नीतियों के अनुरूप अंदाजा लगाना कठिन न था कि भाजपा के घोषणापत्र का खाका क्या होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पार्टी प्रधानमंत्री की छवि और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चुनावी मैदान में है। इस घोषणापत्र में नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की बानगी नजर आती है। ऐसे वक्त में जब पिछले कार्यकालों में भाजपा अपने दो मुख्य मुद्दों अनुच्छेद 370 हटाने व राममंदिर बनाने के वायदे को पूरा कर चुकी है तो जाहिर है नागरिक संहिता का मुद्दा उसकी प्राथमिकता में होना ही था। जो, इस घोषणा पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन, सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून लाना, तीन करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराना, बीस लाख तक का मुद्रा लोन उपलब्ध कराना, किसान निधि को जारी रखना आदि के वायदे किए हैं। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि भाजपा ने 2019 के घोषणापत्र में भी यूसीसी, साठ साल से अधिक के दुकानदारों व किसानों को पेंशन, एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे वायदे किये थे। हालांकि, ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर 'मोदी की गारंटी' का दावा पार्टी की तरफसे किया जाता रहा है। ये आने वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वायदों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा।

बहरहाल, अब किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वायदों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वायदों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वायदों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए। देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती। हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए। हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें। सभी राजनीतिक दलों को देश की मुख्य समस्याओं बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई दूर करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बड़े सामाजिक वर्ग के लिये लायी जाने वाली बीमा योजना से लक्षित समाज के बजाय बीमा कंपनियां मालामाल होती रही हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में निजी चिकित्सालयों के लिये ये बीमा योजनाएं कामधेनु बन रही हैं। सभी राजनीतिक दलों को देश के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक को सशक्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारत विविधता की संस्कृति का देश है। सामाजिक समरसता के लिये जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं। राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिये ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है जो हर हाथ को काम दे सके। आखिर क्यों हमारी युवा पीढ़ी में विदेश भागने की होड़ लगी है। हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने-पिटने को मजबूर न होना पड़े। पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है। जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। बेहतर हो कि राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को अपने न्याय व संकल्प पत्रों में केंद्र में रखें।

# 'मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने काइफोस्कोलियोसिस की शुरुआत में डायग्नोसिस और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाने की मुहिम शुरू की

युरेशिया संवाददाता



मेरठ । मारेंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद को रीढ़ की हड्डी से संबंधित काइफोस्कोलियोसिस नामक एक गंभीर बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपने सहयोग और प्रतिबद्धता की घोषणा करते हुए गौरव का अनुभव हो रहा है। दुनिया भर में लाखों लोग रीढ़ की हड्डी से संबंधित इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं, जिसे देखते हुए ब्रेन एंड स्पाइन सर्जरी विभाग में डॉक्टरों की टीम ने इस बीमारी से पीड़ित लोगों को सही जानकारी देने, उनकी हिमायत करने और सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इस टीम की कमान डॉ. तरुण शर्मा, डायरेक्टर एवं एचओडी, के हाथों में है, जिसमें उन्हें डॉ. सचिन गोयल, सीनियर कन्सलटेंट, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल, फरीदाबाद का सहयोग प्राप्त है।

डॉ. तरुण शर्मा, डायरेक्टर एवं एचओडी, न्यूरोसर्जरी विभाग, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद, कहते हैं, 'हम काइफोस्कोलियोसिस से पीड़ित लोगों के लिए शुरूआत में डायग्नोसिस, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता और उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए इसके बारे में जागरूकता फैलाने की अहमियत को अच्छी तरह समझते हैं। लोगों को जानकारी देने के लिए पहलों की शुरुआत, सामुदायिक संपर्क कार्यक्रमों और चिकित्सा कर्मियों के साथ सहयोग के जरिये, हम काइफोस्कोलियोसिस से पीड़ित मरीजों और उनकी देखभाल करने वालों को जानकारी एवं सहायता के साथ सक्षम बनाना चाहते हैं। हम इस बीमारी से पीड़ित लोगों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालने और उनकी तंदुरुस्ती को बेहतर बनाने के अपने इरादे पर अटल हैं।'

डॉ. सचिन गोयल, सीनियर कन्सलटेंट, न्यूरोसर्जरी विभाग, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल, फरीदाबाद कहते हैं, 'हम सभी को अपने आस-पास के लोगों में इस तरह के लक्षणों के बारे में जानकारी साझा करके काइफोस्कोलियोसिस जागरूकता कार्यक्रम में अपना सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, क्योंकि इस दिशा में उठाया गया हर कदम काइफोस्कोलियोसिस से पीड़ित लोगों की जिंदगी में बदलाव ला सकता है।'

काइफोस्कोलियोसिस कई वजहों से हो सकता है, जिसमें जन्मजात रोग, न्यूरोमस्कुलर रोग, रीढ़ की हड्डी में चोटें, अथवा हड्डी या मांसपेशियों के विकास पर बुरा असर डालने वाली कुछ बीमारियां शामिल हैं। इसके इलाज के विकल्प कर्वेचर की गंभीरता पर निर्भर करते हैं, जिसमें फिजिकल थेरेपी, ब्रेसिंग या सर्जरी (अधिक गंभीर मामलों में) शामिल हो सकते हैं। काइफोस्कोलियोसिस के लक्षणों को दूर करने और इससे जुड़ी जटिलताओं को रोकने के लिए शुरुआत में डायग्नोसिस करना और हालात को संभालना काफी मायने रखता है।

काइफोस्कोलियोसिस एक गंभीर बीमारी है, जिसमें रीड की हड्डी में दो सतहों का कर्वेचररू यानी काइफोसिस, जो आगे से पीछे की ओर कर्वेचर है, तथा स्कोलियोसिस जो अगल-बगल की ओर कर्वेचर है, असामान्य हो जाता है। इस बीमारी की वजह से कई तरह की परेशानियां सामने आ सकती हैं, जिसमें कॉस्मेटिक डिफॉर्मिटी (पीठ के ऊपरी हिस्से पर एक कूबड़), चलने-फिरने में कठिनाई, सांस लेने संबंधी समस्याएँ और पुराना दर्द शामिल है। काइफोसिस और स्कोलियोसिस, दोनों एक साथ होने पर काइफोस्कोलियोसिस की समस्या उत्पन्न होती है। यह बीमारी मामूली से लेकर गंभीर तक हो सकती है, जिसमें पीठ दर्द, सांस लेने में तकलीफ, चलने-फिरने में कठिनाई जैसे कई तरह के लक्षण दिखाई दे सकते हैं। गंभीर मामलों में, इस बीमारी से चेस्ट कैविटी में सिकुड़न की वजह से शरीर के अंगों के कामकाज पर बुरा असर पड़ सकता है। लोगों की जिंदगी पर गंभीर असर डालने वाली काइफोस्कोलियोसिस बीमारी को अब तक गलत समझा गया है और सार्वजनिक तौर पर भी लोग इसके बारे में कम बात करते हैं।

# नेताजी सावधानी बरतिएगा, आचार संहिता उल्लंघन का केस ठुकेगा

## लोकसभा चुनाव प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 बनाम रामनवमी 17 अप्रैल 2024

एड किशन भवानी

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का महापर्व देखा और करोड़ों भक्त गणों का रुझान आध्यात्मिक आस्था के प्रति पूरी दुनियां ने देखा जो राममय में सराबोर हो गए राजनीतिक विशेषज्ञों को आभास जरूर हुआ होगा कि यह ट्रेंड वोटो में तब्दील होकर कहां जाएगा। 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी है जो प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामनवमी आ रही है जिसका सूर्य अभिषेक करने का उत्सव मनाने की फिर रणनीति बनाकर तैयारी है जिसका क्रियान्वयन भव्य तरीके से होगा ऐसा मुझे अंदेशा है 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी को पूरे देश में जोरदार ढंग से मनाने का अंदेशा है जिसका पूरा-पूरा लाभ 2024 लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी पार्टी को मिलना निश्चित है और लक्ष्य अबकी बार 400 पार का संभव होने की पूरी पूरी उम्मीद है। दुसरी ओर रामनवमी शोभायात्रा को लेकर जारी संशय के बीच निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि त्योहार के मौके पर किसी राजनीतिक दल के द्वारा झंडा, चुनाव चिन्ह, पोस्टर या बैनर का इस्तेमाल होने पर इसे आचार संहिता उल्लंघन माना जायेगा और समुचित कारवाई की जायेगी ।रामनवमी जैसे त्योहार के मौके पर आमतौर पर राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा देश भर में बड़े-बड़े बैनर पोस्टर औरहोर्डिंग्स लगाए जाते रहे हैं, इस बार चुनाव आचार संहिता की वजह से यह देखने को नहीं मिलेगा। हालांकि शोभा यात्रा के दौरान राजनेताओं को इसमें शामिल होने की छूट दी गई है मगर इस पर चुनाव आयोग के पदाधिकारी की नजर रहेगी और इसके लिए हर जिले में बने आचार संहिता कोषांग के द्वारा वीडियोग्राफी की जाएगी इसलिए नेताजी सावधानी बरतिएगा आचार संहिता उल्लंघन का केस ठुकेगा। चूंकि लोकसभा चुनाव के बीच 17 अप्रैल 2024 रामनवमी पर देश को राममय बनाने की संभावना पर चुनाव आयोग की कड़ी नजर इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लोकसभा चुनाव प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 बनाम रामनवमी 17 अप्रैल 2024

साथियों बात अगर हम देश को राममय के कार्यक्रम की करें तो, देश को राममय करने काकार्यक्रम यहीं रूकने वाला नही है। राम मंदिर आंदोलन और इसकेनिर्माण के लिए धन संग्रह अभियान से जुड़े लोगों की सूची तैयार की गई है। जिनको अनेक दिनों तक दर्शन करवाने का कार्यक्रम भी मंदिर ट्रस्ट ने तैयार किया है ।रोजाना राम भक्तों को अयोध्या दर्शन के लिए प्रांत वाइज बुलाया जाएगा। जिनके रहने व खाने की व्यवस्था भी मंदिर ट्रस्ट ही करेगा। यह बड़ा कार्यक्रम होगा। मंदिर में रामलला को प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त पर श्रद्धालुओं को अयोध्या आने से रोकने की जरूरत क्यों आ पड़ी ? इसके जवाब में श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव बताते हैं,अयोध्या अभी करोड़ों की भीड़ कीव्यवस्था करने की स्थिति में नही हैं। जनवरी 2024 में अयोध्या में कठोर जाड़ा पड़ता है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन करोड़ों रामभक्त अयोध्या आना चाहेंगे। जिससे लॉ एंड ऑर्डर को लेकर गंभीर संकट पैदा हो सकता हैं। जिसे संभालना मुश्किल होगा। ऐसे में गांव गांव में इस उत्सव को आनंदोत्सव के रूप में मनाने की योजना बनाई गई ।क्या आम चुनाव के पहले राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य मंदिर में दर्शन शुरू होने का असर 2024 के चुनाव पर पड़ेगा ? इसके जवाब में मंदिर ट्रस्ट का साफकहना था कि राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था से जुड़ा है। यह धार्मिक होने के साथ-साथ राष्ट्रीय मुद्दा बना है। प्रभुराम राष्ट्रीय महापुरुष हैं। देश में रामराज्य की स्थापना परम लक्ष्य है। राम मंदिर अब राष्ट्र का मंदिर बन गया है। यही सवाल जब बीजेपी के अयोध्या महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव से किया तो वो इस सवाल का सीधा जवाब न देकर कहते हैं राम मंदिर बीजेपी के पांच प्रमुख संकल्पों में से एक है। कॉमन सिविल कोड, राम मंदिर, कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति जैसे विषय राष्ट्रवादी हैं। इनका चुनावी राजनीति से लेना देना नहीं है। जो रामभक्त है उन्हें मालूम है कि राम मंदिर की लड़ाई किसने लड़ी। लेकिन राम मंदिर बीजेपी का सदैवसांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जुड़ा मुद्दा रहा है। कभी राजनीतिक मुद्दा नहीं रहा। लेकिन राम मंदिर के नाम पर हमें जो स्वतरू लाभ मिलता रहा है आगे भी मिलेगा।

साथियों बात अगर हम देश को राममय करने 17 अप्रैल 2024 रामनवमी के दिन विशाल कार्यक्रम और सूर्यभिषेक करने की करें तो, अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कई महीनों से भंडारे चल रहे हैं। अब खबर आ रही है कि इनमें से कई भंडारे 17 अप्रैल 2024 रामनवमी तक जारी रहेंगे। अयोध ?या में इस समय अनेक छोटी-बड़ी रसोइयां चल रही हैं। यूं कहें कि पूरा अयोध्या ही श्रद्धालुओं को भोजन कराने के लिए सीता की रसोई में बदला हुआ है ।हर दिन लाखों श्रद्धालु इन भंडारों और रसोइयों में भोजन कर रहे हैं। कमाल की बात ये है कि प्राण प्रतिष ?ठा के बाद भी ये सारे भंडारे और रसोइयां बंद नहीं हुई, बल्कि इनमें से कई भंडारे रामनवमी तक चलेंगे ।ताकि इस दौरान रामलला के दर्शन के लिए देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु आसानी से भोजन कर सकें ।जानकारी के मुताबिक अयोध्यामें भंडारे रामनवमी तक जारी रहेंगे और इनमें रोजाना अनेक श्रद्धालु भोजन कर सकेंगे।

# शोएब एडवोकेट को बार काउंसिल आफउत्तर प्रदेश के मेंबर के लिए प्रत्याशी घोषित किया

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। सोमवार को जिला बार एसोसिएशन मेरठ के होल में एक मीटिंग सर्व समाज अधिवक्ताओं की ओर से आयोजित की गई। मीटिंग का संचालन रियासत अली खां एडवोकेट ने किया और मीटिंग की अध्यक्षता मिसबाहुद्दीन सिद्दीकी एडवोकेट (पूर्व अध्यक्ष)ने किया। मीटिंग मे डॉक्टर शोएब एडवोकेट मेरठ को सर्व समाज ने बार काउंसिल आफउत्तर प्रदेश के मेंबर के लिए प्रत्याशी घोषित किया गया।जिसमें मुख्य रूप से नेपाल सिंह सोम, कुंवर विनय सिंह, सरताज चौधरी,जीशान सिद्दीकी (विशेष आमंत्रित सदस्य ) कुंवर सदाकत अली, एस ए खान, अमित चौधरी, आबिद अंसारी, गजाला, अशफाक सैफी, तंसीर अहमद, जितेंद्र कुमार, नितिन कुमार, अनीस गाजी, मोहम्मद उबेद, फरमान अली,खुर्शीद आलम, आलमगीर, राजपाल आर्य आदि सैकड़ो अधिवक्तागण मीटिंग मे उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिध्प्रत्याशी के साथ की बैठक

युरेशिया संवाददाता



मेरठ । कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित समस्त नोडल अधिकारियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिध्प्रत्याशी के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने रिजर्व में रखी जाने वाली समस्त ईवीएम के संबंध में राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीएलओ के माध्यम से मतदान पर्ची वितरण का कार्य शुरू हो गया है, जिसमें सभी राजनैतिक दल अपने बीएलओ को मतदाता पर्ची बटवाने के कार्य में सहयोग करें। घर से मतदान (होम वोटिंग) प्रक्रिया तथा उसके संबंध में की जा रही कार्यवाही के संबंध में विस्तारपूर्वक सभी को जानकारी दी गई। उक्त निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु कहा गया। राजनैतिक दल के प्रत्याशीध्प्रतिनिधि द्वारा अपने सुझाव बैठक में रखे गये जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। नोडल अधिकारियो को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि मतदाता पर्ची वितरण का कार्य शुरू हो गया है समस्त एआरओ अपने-अपने क्षेत्र में प्रति दिवस पोलिंग सेंटरो पर भ्रमण करते हुए पर्ची वितरण का सत्यापन कर मतदाता पर्ची को सकुशल वितरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पोल डे व प्री पोल डे पर जनपद स्तर पर की जाने वाली विभिन्न कार्यवाही संबंधित अधिकारियों द्वारा संपन्न की जाये तथा निर्वाचन आयोग को समस्त रिपोर्ट समय से प्रेषित की जाये। उन्होंने कहा कि पोल डे व प्री पोल डे पर कम्युनिकेशन सेंटर, वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु संबंधित नोडल द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में कम्यूनिकेशन प्लॉन, सीसीटीवी कैमरा, थर्ड रेन्डेमाईजेशन, ईवीएम कमिशनिंग, पोस्टल बैलेट, फैसीलेशन सेंटर, कार्मिको की डयूटी, अन्य आवश्यक सुविधाएं, वेबकास्टिंग, क्रिटीकल बूथ, पोलिंग बूथ, पोलिंग पार्टियों की रवानगी, मतदाता पर्ची वितरण, मतदान स्थल पर बीएलओ के बैठने की व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, एमसीएमसी तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक-दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्यकांत त्रिपाठी, एसडीएम सदर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, मुख्य कोषाधिकारी वरूण खरे, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित नोडल अधिकारी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिध्प्रत्याशी उपस्थित रहे।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारी के साथ की समीक्षा बैठक

### बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची वितरण का कार्य हो गया शुरू, एआरओ वितरण कार्य को कराये सकुशल संपन्न-जिला निर्वाचन अधिकारी

# सामान्य प्रेक्षक द्वारा की गई मतगणना केन्द्र पर तैयारियों की समीक्षा

### मतगणना केन्द्र पहुंचे सामान्य प्रेक्षक, स्ट्रांग रूम सहित समस्त तैयारी का लिया जायजा




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मेरठ-10 लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक गुरिन्दर पाल सिंह सहुता द्वारा मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में मतदान के पश्चात् ईवीएम जमा कराने हेतु बनाये गये स्ट्रांग रूम का जायजा लिया गया। उन्होंने मतगणना स्थल पर पोलिंग पार्टी के आने-जाने तथा ईवीएम मशीनों को सुरक्षित ढंग से जमा कराये जाने हेतु कार्मिकों की डयूटी, पोलिंग पार्टियों के बैठने की व्यवस्था, शौचालय, पानी, प्रकाश आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मतगणना केन्द्र पर की जा रही अन्य तैयारियों यथा सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, मतगणना हॉल, मतगणना टेबल, बैठने की व्यवस्था, मतपेटिकाध्ईवीएम जमा करने तथा टेबिल तक पहुंचाने, वाहन पार्किंग आदि की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# व्यापारी महासभा में व्यापारियों ने एक जुट होकर दिया भाजपा को समर्थन

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। व्यापारी हापुड़ के प्रमुख व्यापारी वर्गों की ओर से सोमवार को टुनाइट होटल और रेस्टोरेंट में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के उपाध्यक्ष ब्रिज बहादुर पाठक व प्रत्याशी अरुण गोविल रहे। व्यापारियों को संबोधित करते हुए विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि भाजपा ने सदैव व्यापारी की हित की बात की है और आज जो आपके बीच में प्रत्याशी भेजे हैं जिन्होंने कई वर्षों से जनता के दिलों पर राज किया है। अरुण गोविल जिन्होंने राम की भूमिका रामायण में निभाई आज जनता के बीच में जनता की सेवा करने के लिए आए वह राम है राम बनकर जनता की सेवा करेंगे तो मैं उनका लक्ष्मण हूं लक्ष्मण बनाकर के आपके बीच रहूंगा। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज करते हुए कहा कि अखिलेश के तीन यार थे अतीक अहमद मुख्तार अंसारी यह दोनों तो ऊपर चले गए और आजम खान आज जेल में हैं। कांग्रेस पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जो अपने आप को गांधी कहलाते हैं मैं पूछना चाहता हूं कि उनके दादा का नाम क्या है उनके दादा का नाम था फिरोज खान इसलिए उनका नाम हुआ राहुल फिरोज खान जनता को बहकते हैं। गांधी बनाकर अपने आप को बताते हैं उन्होंने कहा कि पार्टी में मुझे बहुत मान सम्मान दिया है और आगे भी वह मुझे मान सम्मान देगी इसके लिए मैं बिल्कुल आश्वस्त हूं। बृजेश उपाध्यक्ष ब्रिज बहादुर पाठक ने कहा कि देश और प्रदेश में दोनों सरकार अपने-अपने कार्य क्षेत्र में अति उत्तम कार्य कर रही हैं । सत्ता को सेवा मानते हुए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता कार्य कर रहा है हमें अधिक से अधिक मतों से मेरठ-हापुड़ लोकसभा जितना है। जिसमें व्यापारी वर्ग की अहम भूमिका रहने वाली है प्रत्याशी अरुण गोविल ने कहा कि विरोधी यह कह रहे हैं की मैं बाहर का व्यक्ति हूं लेकिन आज इस व्यापारिक मंच से मैं है स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मेरठ मेरी जन्म भूमि में मुझे भगवान राम ने वापस भेजा है। आप सभी की सेवा करने के लिए मै आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जीतने के उपरांत आप सभी के सुख दुख में आपके पास ही खड़ा मिलूंगा। पूरे देश के लिए केवल एक ही प्रत्याशी है वो है हमारे प्रधान मंत्री जिनका लोहा आज पूरा विश्व मानता है। इस अवसर पर नरेश तोमर, विजय पाल आड़ती, संजय कृपाल, विजेंद्र पंसारी, अशोक बबली, विनोद गुप्ता, कपिल एस एस एम अशोक छारिया, मनीष, नीटू, सुधीर चोटी, अमित शर्मा, अमन गुप्ता, राजेंद्र पाइप, पुरुषोत्तम चौबे,सुनील जैन, जगदीश प्रधान, मनोज करनवाल,अनिल अग्रवाल, प्रमोद दीवान, सुयश वशिष्ठ सहित भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

# पूरे रीति रिवाजों से आध्यात्मिक नाम रखा

### वैदिक पद्धित से कराया नामकरण संस्कार यज्ञ
### शुद्धीकरण, मंत्रजाप और 'अपने पसंद का नाम रखा'
### देश पोलैंड के पावेल क्रास्निविस्की से वने पावेल कालिदास
### मां काली की शुरू की है पूजा
### नामकरण संस्कार से व्यक्तित्व पर पड़ता है- ज्योतिषाचार्य सोनिया राज



पूर्णानंद घाट, जानकीपुल पर भारती सनातन धर्म द्वारा वैदिक पद्धति से नामकरण संस्कार यज्ञ कराया गया। पीतांबर धारण किए देश पोलैंड के पावेल क्रास्निविस्की धोती और जनेऊ पहन पूजन के दौरान सनातनी भाव में डूबे हुए नजर आए। विधि-विधान व दीक्षा की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पावेल क्रास्निविस्की ने बताया कि वे मां काली की शरण में जाने और उच्च साधना के लिए मंत्र की दीक्षा ली है। सनातन नाम रखने से उन्हें एक अलग शांति और ऊर्जा की अनुभूति हो रही है।

पावेल क्रास्निविस्की ने आध्यात्मिक नाम अपनाने के बाद मां काली की पूजा करनी शुरू कर दी है। पावेल क्रास्निविस्की का दावा है कि सनातन धर्म अपनाकर वह बेहद खुश है और उसे किसी तरह का पछतावा नहीं है। बल्कि वह खुद पर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वह गायों की रक्षा करने और उन्हें हत्या से बचाने की मुहिम से जुड़कर सेवा करना चाहते हैं। अब वह आगे का जीवन अपने गुरुदेव और सनातन धर्म की सेवा में लगाएंगे।

ज्योतिषाचार्य सोनिया राज ने दीक्षा दिलाई। आचार्य सोनिया राज ने उन्हें नया नाम भी दिया। पावेल क्रास्निविस्की अब पावेल कालिदास के नाम से पहचाने जाएंगे।

आचार्य सोनिया राज ने कहा कि नामकरण संस्कार का व्यक्ति के जीवन में बहुत प्रभाव होता है, इसलिए व्यक्ति का नाम बहुत सोच समझकर ही रखना चाहिए।

ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने कहा कि सनातन धर्म की महत्ता इतनी है कि उसे मात्र चंद वाक्यों में समझा या बता पाना नामुमकिन है। भारत देश और सनातन धर्म एक दूसरे से बंधे हुए हैं। जहां एक ओर भारत देश बड़ी-बड़ी हस्तियों को अपनी ओर आकर्षित करता है तो वहीं, सनातन धर्म की पवित्रता देख कई बड़े सितारे खुद को इसमें लीन होने से नहीं हो पाते हैं। अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी पावेल क्रास्निविस्की से वने पावेल कालिदास को शुभकामना दी।

मोके पर आचार्य अभिनव पोखरियाल, देश पोलैंड पॉवेल अपनी माता जी संग एवं उनकी ख़ास मित्र ओला उनके इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

## एक नजर..

# मदरसा मौहम्मदिया में परीक्षा परिणाम घोषित



प्रदीप धीमान / युरेशिया

सहारनपुर। मदरसा मौहम्मदिया पठानवाला सडक दुधली मे परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमे मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन टिकैत के वरिष्ठ मंडल महासचिव आरिक मलिक द्वारा बच्चो को परिक्षा परिणाम वितरित किये गये व प्रथम व द्वितीय आने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमे कक्षा ८ से कु०हमरा, सोफिया जैनब, कक्षा ७ से कुमारी नाजिया व उजमा, कक्षा ६ से अली व कुमारी जेनुल, कक्षा ५ से कुमारी नबीया, कक्षा ४ में कु० जैनब व जिया, कक्षा ३ से कु. सना, आयशा कक्षा २ से कु. शिफा, मो० वासिफ कक्षा १ से रहिमा वे मो आहाद को पुरस्कार वितरित किए गए

इस दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मण्डल महासचिव आरिफ मलिक ने बच्चो को शिक्षा के प्रति जागरूक किया और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे और सभी बच्चो को पास होने पर ढेरो शुभकामनाएँ दी। मदरसा मोहम्मदिया के प्रधानाचार्य डा० नौशाद अहमद, प्रधानाचार्य नवाब व समस्त शिक्षको ने बच्चो के अन्दर मेहनत लगन, ईमानदारी और कठोर परिश्रम सत्यनिष्ठता और पढ़ाई को टाईम टेबल बनाकर पढने के लिए प्रेरित किया उनके अच्छे भविष्य की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. नौशाद अहमद, प्रधानाचार्य नवाब, शिक्षका श्रीमति कविता सैनी, श्रीमति शिवानी कश्यप, कु० आयशा प्रवीन, मियू कु० अंजली , नगमा, रुपाली, नाजिया, इन्तेजाम अली, मौ० मुकीम, मौ० राशिद, मौ० मुर्सलीन, मौ० आबिद आदि मौजूद रहे।

# शिक्षित समाज ही देश को मजबूत बनाता है : जयराम गौतम



नाथी सहल/ युरेशिया

चिलकाना ।नगर के महोल्ला कांजीमल में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जन्मोत्सव पर देर रात विचार गोष्ठी व भीम जागरण का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे वरिष्ठ समाज सेवी जयराम गौतम जी ने कहा बाबा साहेब के मिशन के तीन कथन शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो पर सबसे पहले शिक्षा हासिल कर समाज के युवा आगे बढ़े और बड़े बड़े पदों पर विराजमान हो ।श्रीगुरु रविदास महाविद्यालय के प्रबंधक नफेसिंह ने कहा कि समाज को अम्बेडकर व काशीराम जी की फिर जरूरत है।कार्यक्रम को मास्टर सुखदेव, मास्टर ईसम सिंह, दीपचंद बर्मन, अरुण कुमार आदि ने भी अपने विचार रखे और समाज को शिक्षा के लिए प्रेरित किया ।वही देर शाम भजन गायक मदन मस्ताना व संजू भारती ने अपनी सुरीली आवाज से सबको मनमोहित किया। कार्यक्रम का संचालन आकाश काशी ने किया व इस अवसर पर मास्टर संदीप, मास्टर अशवनी, सोनित, रवि, अजय, विक्की, बृजवाल, ईसम दुबे, सागर, सूरज, दीपक, कामेश आदि सैंकड़ो की संख्या में महिलाएं व पुरूष उपस्थित रहे।

# उत्तम राष्ट्र निर्माण हेतु सकारात्मक दृष्टि अनिवार्य: आत्मानुभवी






नाथी सहल/युरेशिया

चिलकना। यज्ञाचार्य आत्मानुभवी महाराज ने कहा कि नकारात्मक सोच मनुष्य की प्रगति में सबसे बड़ी बाधक है इसलिए जीवन में हमेशा सत्य निष्ठा एवं सदाचार का पालन करते हुए सकारात्मक दृष्टि से जिया गया जीवन मानव से महामानव के रूप में परिवर्तित हो जाता है

ओम सिटी में चल रही मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा यज्ञाचार्य आत्मानुभवी महाराज ने कहा कि अगर हम अपने जीवन में नियम सत्य ईमानदारी अनुशासन एवं मानव सेवा को प्रमुखता देंगे तभी उत्तम राष्ट्र का निर्माण संभव होगा उत्तम राष्ट्र निर्माण के लिए राजा के साथ-साथ प्रजा को भी जीवन के उच्च मूल्यों एवं सब विचारों को विकसित करने में बहुमूल्य योगदान देना होगा

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने जीवन के सभी सुख दुख के उतार चढ़ाव सफलतापूर्वक पार करने की प्रेरणा दी रामचरित्र मानस नैतिक चारित्रिक शिक्षा का मूल केंद्र है भारत भूमि धन्य है जहां अनेक महान पुरुषों ने जन्म लिया जिनके ज्ञान संपूर्ण मानव जाति का मार्गदर्शन करता है शहर के प्रतिभा वान भक्तों ने महाराज श्री का भव्य अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया

# तीन दिन पूर्व ही किसानों को दी जाये गन्ना सर्वे के आरंभ की सूचना: उप गन्ना आयुक्त

प्रदीप धीमान / युरेशिया



सहारनपुर। उप गन्ना आयुक्त ओ. पी. सिंह द्वारा आगामी पेराई सत्र के लिए सहारनपुर मण्डल में गन्ना सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ किया और विभागीय और चीनी मिलों के अधिकारियों को निर्देश हुए कहा कि गन्ना सर्वेक्षण गन्ने विभाग का महत्त्वपूर्ण कार्य है जो की आज 15 अप्रैल से शुरू हो रहा है।

उप गन्ना आयुक्त ने कहा की गांव में गन्ना सर्वेक्षण कार्य प्रारम्भ करने से तीन दिन पूर्व ही चीनी मिलों द्वारा किसानों को सर्वे टीम के पहुंचने का दिनांक ओर सर्वे कर्ता का नाम ओर मोबाइल नम्बर का मैसेज कर सूचना दे दी जाय, ओर सर्वे शुरू करने से एक दिन पूर्व मुनादी अथवा एलान आदि से किसानों को सूचित कर दिया जाय जिससे किसान सर्वे के समय गांव में अपने खेत पर रह कर सर्वे करा सके।

उन्होंने कहा कि इस बार भी गन्ना सर्वे किसान के गाटा के अनुसार किया जायेगा इसलिए किसान अपने खेत पर रहकर अपना गन्ना गाटा के अनुसार दर्ज करा लें। यदि गन्ना सर्वे दर्ज नही हुआ तो पर्चियां नहीं बन पाएंगी ओर गन्ना सप्लाई नहीं होगी। उप गन्ना आयुक्त ओ पी सिंह ने नागल क्षेत्र के ग्राम साधारणसीर मे गन्ना सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ और निरीक्षण किया।

गन्ना सर्वे में लगे मिल के सर्वेयर अमित कुमार के द्वारा नापे गए खेत की सर्वे स्लिप खेत पर उपस्थित किसान जयवीर सिंह को सौंपी। इस अवसर पर उपस्थित अन्य किसानो से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि सभी किसान अपना गन्ना अवश्य नाप करा दें और अपनी स्लिप प्राप्त कर यह देख ले की उसमे किसान का नाम, गन्ना प्रजाति आदि जानकारी सब दर्ज हैं अथवा नहीं। उन्होंने ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा की गन्ना सर्वे में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उनके क्षेत्र की टीम गांव में समय से पहुंच जाएं। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि आगामी समय काफी गर्मी का है तो यह सुनिश्चित करें कि सुबह सुबह कार्य प्रारंभ कर दिया जाय ओर गर्मी से बचाव के लिए गन्ना सर्वेयर के लिए पानी की बोतल तथा गमछा आदि चीनी मिल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सर्वेक्षण टीम के इनचार्ज राजकीय सुपरवाइजर होंगे ओर यह सुनिश्चित करेंगे की गन्ना सर्वे का कार्य पूर्णतः पारदर्शी ओर शुद्ध हो।

ओर यह सुनिश्चित करें की गन्ना सर्वे की स्लिप खेत पर ही उपस्थित किसान को दी जाय।

ओर यह भी निर्देश दिए की गन्ना सर्वेक्षण के निरीक्षण के लिए लगाए गए विभागीय अधिकारी ओर चीनी मिलों के अधिकारी निरन्तर फील्ड में निरीक्षण करते रहें ओर प्रतिदिन की निरीक्षण रिपोर्ट प्रेषित करते रहें, ओर यह भी सुनिश्चित करें की प्रत्येक टीम गन्ना सर्वे के साथ साथ वर्तमान मे गन्ने के खेतों में दिखाई पड़ रहे टॉप बोरर (चोटी बेधक) की रोकथाम के लिए किसानो को उपाय बताए जिससे किसान अपनी फसल स्वस्थ रख सकें ओर गांव गांव में गोष्ठियां आयोजित कर गन्ने की नई रोग रोधी प्रजातियां बोने के लिए किसानों को जानकारी दी जाय। उपस्थित किसानो को उप गन्ना आयुक्त ने ब्लैक बैग, टॉप बोरर से बचाव की जानकारी भी किसानो को दी। निरीक्षण के समय विभागीय और चीनी मिल गगनौली के अधिकारी और अन्य फील्ड स्टाफउपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने गर्मी व लू के प्रकोप से बचने के लिए जारी की एडवाइजरी

## भीषण गर्मी में कुछ सावधानियां बच्चों व बुजुर्गो के साथ ही पशुओं एवं पालतू जानवरों का रखा जाए विशेष ध्यान

मोनू कश्यप /युरेशिया

सहारनपुर ।जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने गर्मी के मौसम में लू के प्रकोप से जनसामान्य को बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में लोग कुछ सावधानियां अपनाकर स्वयं को और अपने परिवार को गर्मी व लू के प्रकोप से सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में चाहे इंसान हो या पशु या फिर कोई पालतू जानवर सभी को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों व बुजुर्गो का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग की ओर से जारी की गयी एडवाइजरी के अनुसार आगामी दिनों में दैनिक तापमान में तेजी से वृद्धि होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। हीट वेव (लू) असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता है। वर्तमान समय में जनपद में परिस्थितिया हीट वेव (लू) के अनुकूल बनी हुई है। उच्च आद्रता तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है, जिसके कारण शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) और ऐंठन की शिकायत होने लगती है जिसके कारण लोगों को किसी गंभीर समस्या होने की संभावना बढ़ जाती हैं। हीट वेव (लू) से वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलायें, बीमार मजदूर झोपड पट्टी में रहने वाले गरीब, दुर्बल एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होते है। इसके अतिरिक्त हीट वेव (लू) ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, जंगलों, जल संसाधनों, कृषि एवं पशुपालन, स्वास्थ्य तथा विद्युत आपूर्ति आदि को भी प्रभावित करता है।

लू के प्रकोप से बचाव हेतु श्क्या करेंश

1-कड़ी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच बाहर जाने से बचें।

2-हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपडे पहनें।

3-धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपडे, टोपी या छाता का उपयोग करें।

4-पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें। सफर में पीने का पानी हमेशा साथ में रखें।

5-खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओ.आर.एस. घोल, नाारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थों को इस्तेमाल करें।

6-रेडियो, टीवी और समाचार पत्रो के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें।

7- कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।

8- अपने घर को ठंडा रखे, और पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करे। रात में खिडकियां अवश्य खुली रखे।

9- घर की निचली मंजिल पर रहने का प्रयास करें।

लू के प्रकोप से बचाव हेतु श्क्या न करेंश

1-बच्चों एवं पालतू जानवरों को खडी कार में अकेला न छोडें, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते है जो बच्चों के लिये घातक हो सकती है।

2-भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें।

3-उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें।

4-शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें क्यो कि ये शरीर को निर्जलित करतें हैं।

5- दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें। रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिडकी व दरवाजे खुले रखें।

# मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में बढ़ा देश का मान:नायब सैनी





## हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा के पक्ष में जनसभा को किया संबोधित

## हरियाणा मुख्यमंत्री ने इंडिया गठबंधन पर जमकर किये कटाक्ष

## कहा कि पीएम मोदी ने देश को प्रदान की नई दिशा एवं नई दशा

## सैनी समाज को लामबंद करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की

भवानी सैनी/युरेशिया

बेहट। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में आज पूरे पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। भारत निरंतर प्रगति के पथ पर चल रहा है। योगी शासन मे यूपी से गुंडागर्दी पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। उन्होंने उपस्थित जन समूह से सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा के पक्ष में मतदान कर एक बार फिर देश में मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहारनपुर लोकसभा की बेहट विधानसभा के गांव ताल्हापुर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने इंडिया गठबंधन पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र को न्याय की संज्ञा दे रही है लेकिन कांग्रेस ने देश की जनता के साथ हमेशा अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई दिशा एवं नई दशा प्रदान करने का काम किया है और वह दिन दूर नहीं जब मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। बड़े-बड़े हाईवे का निर्माण किया जा रहा है। पहले एक सिलेंडर के लिए तीन-तीन दिन तक लाइन में लगना पड़ता था अब हर घर गैस सिलेंडर पहुंच रहे है। भाजपा जो कहती है वह करती भी है कश्मीर से धारा 370 हटाई गई है। अब वहां पत्थरबाजी एवं पत्थरबाज दिखाई नही देते है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग जनता को गुमराह करते हैं लेकिन इनके बहकावे में आने की जरूरत नहीं है और हम सभी को एकजुट होकर मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से पूर्व यूपी के अंदर गुंडागर्दी चरम पर थी लेकिन अब अपराधी जेल में है।

उन्होंने अपने समाज को लामबंद करते हुए कहा कि भाजपा ने उनके बेटे को हरियाणा का मुखिया बनाने का काम किया है। इसलिए हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने का काम करे। उन्होंने उपस्थित जन समूह से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ने कहा माँ शाकंभरी के आशीर्वाद से आप और हम मिलकर घाड़ क्षेत्र को चमन बनाने का काम करेंगे। उन्होंने उपस्थित भीड़ से 95: से ज्यादा वोटिंग करने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक नरेश सैनी ने जनसभा में पहुंची भारी भीड़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार बेहट विधानसभा से भाजपा को रिकार्ड तोड़ वोट मिलने चाहिए। जनसभा को पश्चिमी यूपी प्रभारी सुभाष यदुवंशी ,पूर्व मंत्री साहब सिंह सैनी, साहब सिंह पुण्डीर, डीसीडीएफ चेयरमैन सोनेंद्र राणा, पूर्व विधायक मामचंद् लाम्बा, लोकसभा संयोजक बिजेंद्र कश्यप, जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी, अभय राणा, श्री महंत सहजानंद ब्रह्मचारी जी महाराज आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रमुख योगेश पुंडीर, प्रमुख विश्वास चौधरी, पूर्व प्रमुख मुल्कीराज सैनी जिला पंचायत सदस्य हंसराज गौतम, मुकेश चौहान, बॉबी करनवाल,मंजु शर्मा, लोकेश त्यागी, अमित गगनेजा, विक्रम सैनी,युवा नेता बंटू राणा, समाज सेवी संदीप सैनी, रजनीश राणा, जिला पंचायत सदस्य रामू चौधरी, कृपाल सैनी, विजय सैनी, सुभाष सैनी आदि मौजूद रहे

# पूर्व चेयरमैन धनीराम सैनी की हुई घर वापसी

विकास शर्मा / युरेशिया

नकुड़ नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन धनीराम सैनी ने आज फिर से घर वापसी करते हुए भाजपा ज्वाईन की है नकुड़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नयाब सिंह सैनी की जनसभा के उपरान्त पूर्व चेयरमैन धनीराम सैनी के घर पहुँचे प्रदेश सरकार में मंत्री जसवंत सिंह सैनी,क्षेत्रीय विधायक मुकेश चौधरी पवन सिंह राठोर, मंडल अध्यक्ष सुभाष चौधरी आदि नेताओ ने पूर्व चेयरमैन धनीराम सैनी व उनके युवा पुत्र विजय शंकर सैनी के गले मे पार्टी की पट्टिका पहनाकर पुनः पार्टी ज्वाईन कराई।

ज्ञात हो निकाय चुनाव में टिकट ना होने से खिन्न पूर्व चेयरमैन धनीराम सैनी ने निर्दलीय चुनाव लड़ा जिसके बाद पार्टी ने उनका निष्कासन कर दिया था।

# थाना देवबन्द पुलिस द्वारा हत्या में शामिल 01 वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

प्रदीप धीमान / युरेशिया



सहारनपुर। थाना देवबंद पर वादिया ने थाने पर तहरीर दी कि अभियुक्तगण उस्मान पुत्र शागीर निवासी मौहल्ला दुग्धा थाना देवबन्द व महताब पुत्र आबिद निवासी सरायपीर जादगान थाना देवबंद नरेन्द्र सैनी पुत्र ओम प्रकाश निवासी मोहल्ला दुग्धा थाना देवबंद ने वादिया के पति अफजाल उर्फ मोनू निवासी मोहल्ला पीरजादगान कस्बा व थाना देवबंद जिला सहारनपुर की हत्या कर दी है। तहरीर के आधार पर थाना देवबंद पर मु0अ0सं0- 27/2024 धारा 302/201/34 पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिए जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना देवबंद के कुशल नेतृत्व में देवबंद पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त मुकदमें में नामित अभियक्तगण 1-उस्मान पुत्र शागीर निवासी मौहल्ला दुग्धा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर 2-महताब पुत्र आबिद निवासी सरायपीर जादगान थाना देवबंद जिला सहारनपुर 3- नरेन्द्र सैनी पुत्र ओम प्रकाश निवासी मोहल्ला दुग्धा थाना देवबंद जिला सहारनपुर को दिनांक 21.01.2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। तथा विवेचना में प्रकाश में आये अभियुक्त इरफान उर्फचिरचन्दा पुत्र यासीन निवासी मौहल्ला किला थाना देवबन्द सहारनपुर को थाना देवबन्द पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर रणखण्डी फाटक के पास भायला रोड से गिरफ्तार किया गया। तथा विवेचना से मुकदमा उपरोक्त मे धारा 120बी भादवि की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम. उ0नि0 संजीव त्यागी, हे0का0 विनोद कुमार, का0 तरूण कुमार, शामिल रहे।

# सप्तमी पर्व पर माता शाकंभरी दर्शनों को लगी भक्तों की भारी भीड़



भवानी सैनी/ युरेशिया

बेहट। सिद्धपीठ मां श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर इन दोनों आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। सोमवार को चौत्र मास की सप्तमी तिथि को माता शाकुंभरी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने घंटों लाइनों में लग कर जगत जननी माता के दरबार में माथा टेक मनोकामनाएं मांगी।

सिद्धपीठ परिक्षेत्र में आयोजित चौत्र नवरात्र मेले के सातवें दिन भी श्रद्धालुओं तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम बाबा भुरादेव की पूजा अर्चना कर परिवार की कुशलता की कामना की। इसके बाद माता के दरबार में पहुंचकर प्रसाद चढ़कर माथा टेका और मनोकामनाएं मांगी। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए गगन भेदी जयकारों से समूचा महौल भक्तिमय हो रहा है। दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने मेले का जमकर लुप्त उठाया। सुरक्षा को लेकर पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही। मंदिर व्यवस्थाक राणा परिवार जसमोर द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। मंगलवार को अष्टमी तिथि के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना बनी है।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने भाजपा उम्मीदवार को जीताने की अपील की

शक्ति चौधरी/युरेशिया



नकुड में चुनावी सभा को संबोधित करने आए भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा उम्मीदवार प्रदीप चौधरी को जीताने की अपील की। उन्होंने नकुड में एक भीड़ भरी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ही सुशासन ला सकती है। इस मौके पर पूर्व राज्यपाल व कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मोर्य, राज्य मंत्री जसवंत सैनी, राज्य मंत्री व एमएलसी सुभाष यदुवंशी, सांसद प्रदीप चौधरी, विधायक चौधरी कीरत सिंह, मुकेश चौधरी, पूर्व मंत्री साहब सिंह सैनी, भाजपा नेता साहब सिंह पुंडीर, चौयरमैन शिवकुमार गुप्ता, सरसावा चौयरमैन प्रतिनिधि राजू पंवार, राज सिंह माजरा, प्रमोद अटटा आदि भी मौजूद रहे।


## दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मण्डल

सूचना, समाचार, विज्ञापन आदि के लिए संपर्क करे।

मोनु कश्यप
जिला प्रभारी
मो0 8630402509
प्रदीप धीमान
मण्डल प्रभारी
मो0 9045220410
अरविंद चौहान
गंगोह प्रभारी
मो0 9759693305
मणिकांत वत्स
स0पुर
मो0 9759178755
मोनीन
नागल प्रभारी
मो0 9639221277
अश्वनी धीमान
नानौता प्रभारी
मो0 9720509609
नाथीराम सहल
चिलकाना प्रभारी
मो0 6397074075
विकास शर्मा
तहसील नकुड़ प्रभारी
मो0 6396576517
शक्ति चौधरी सरसावा प्रभारी
मो0 97197 77268
मनोज कंबोज
बिहारीगढ़ प्रभारी
मो0 96751 96324

## एक नजर..

## पूर्व प्रधान का महादेव घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

युरेशिया / संवाददाता



अंबेडकर नगर। जलालपुर ब्लाक के कटघर मूसा गांव के पूर्व प्रधान की रविवार देर शाम हार्ट अटैक से आकस्मिक मृत्यु हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। कटघर मूसा निवासी 55 वर्षीय उमेश विश्वकर्मा अपने गांव कटघर मूसा में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर जुलूस में शामिल होने आए थे। अंबेडकर जुलूस के समापन पर गांव के मजरा ककरहिया में ग्रामीणों से मुलाकात कर रहे थे। इसी बीच अचानक उनके सीने में बहुत तेज दर्द उठा और वहीं अचेत हो गए। ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया, खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। उनके घर पर काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सभी परिजनों को सांत्वना देने में जुटे रहे। उनकी पत्नी इस्लावती देवी 2003 में ग्राम प्रधान रही। और वह 2012 में ग्राम सभा कटघर मूसा के प्रधान चुने गए थे। सोमवार को पूर्वहन 3 बजे टांडा स्थित महादेव घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## इमाम हुसैन ने नाना के दीन को बचाया :मौलाना मोहसिन



अजीत सिंह/युरेशिया

अंबेडकर नगर। जलालपुर तहसील क्षेत्र के कजपुरा गांव स्थित इमामबारगाह हुसैनिया में सोमवार को डॉ जीशान हैदर की माता के इसाले सवाब की मजलिस आयोजित हुई। मजलिस की शुरुआत तिलावते कलाम पाक से मौलाना अर्शी मौलाई ने किया। फैजाबादध् अयोध्या से आए वसीका अरबी कॉलेज के प्रिंसिपल मौलाना मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने अपने नाना हजरत मोहम्मद साहब के दीन ए इस्लाम को मिटने से बचाने के लिए कर्बला के मैदान में अपनी और अपने कुनबे की जान की कुर्बानी देकर इस्लाम को जिंदगी दे दी। उन्होंने हजरत इमाम हुसैन और कर्बला वालों के पैगाम से लोगों को रूबरू कराया। मौलाना ने कहा कि अहलेबैत की जिंदगी और किरदार पर गौर करिए, जिससे हमें पता चलता है कि उन्होंने कभी बुरे लोगों से नफरत नही की, हमेशा बुराई से नफरत की है, तुम बुराई छोड़ दो तुम्हारे साथ कोई एतराज नहीं है। आज के दौर में हमारे लिए ये पैगाम है देखो जो बुरे लोग हैं, उनसे नफरत न करना, जो उनमें बुराई है, उससे नफरत करना। मौलाना मोहसिन ने कहा कि आज दुनिया में अगर हक परस्ती, इंसाफऔर सच्चाई, मानवता जिंदा है तो वह हजरत इमाम हुसैन और कर्बला वालों की देन है। मजलिस के आखिर में मौलाना ने जनाबे फातिमा जहरा की शहादत को बयान किया तो हर कोई दहाड़े मारकर रोने लगा। मजलिस का संचालन मौलाना अदनान ने किया।

## भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा सदस्यों की सूची का किया जा रहा सत्यापन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। सचिवध्नगर मजिस्ट्रेट रेडक्रास सोसायटी मेरठ अनिल कुमार ने बताया कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा मेरठ द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों की सूची का सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने रेडक्रास के सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध किया है कि जारी विज्ञप्ति दिनांक से 01 माह के अंदर भारतीय रेडक्रास सोसायटी कार्यालय जिला पीएल शर्मा चिकित्सालय परिसर में प्रातः 11.00 बजे से सांय 03.00 बजे तक सूची में अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर, फोटो चौक कर सकते है। यदि किसी सदस्य को अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर, फोटो आदि संशोधन कराना चाहते है तो कार्यालय से संशोधन फार्म प्राप्त कर स्वयं भरकर देना होगा। यदि किसी रेडक्रास सदस्य की मृत्यु हो गई है तो उसके परिवारजनध्निकट संबंधी उस मृतक सदस्य की सूचना कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

## 18 वर्ष के ऊपर वालों वोट डालने जाना है :शाहिद रजा




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वीप लोकगीत कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा, नोडल स्वीप मुख्य विकास अधिकारी नुपुर गोयल के निर्देशानुसार शाहिद रजा अपने कलाकारों के साथ विभिन्न स्थानों पर मतदान के प्रति लोकगीत के माध्यम से जागरूकता प्रचार प्रसार कर रहे है। सोमवार को कैलाश प्रकाश स्पोर्ट स्टेडियम, पुलिस लाइन चौराहा, लालकुर्ती छोटा बाजार, बड़ा बाजार, साकेत चौराहा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो एवं डैफोडिल पब्लिक स्कूल के छात्रों के साथ रोडशो मे मेरठ के नर नारी, मतदान तुम्हारी, 18 वर्ष के ऊपर वालों वोट डालने जाना है, गांव-गांव और शहर-शहर मे सबको ये समझाना है, करना ना सोच विचारी लोकगीत से आमजन को जागरूक किया।

# झुके खंभे व झूलते तार से हादसे का खतरा

अजीत सिंह/युरेशिया



सम्मनपुर क्षेत्र में झुके हुए खंभे व झूलते जर्जर बिजली के तार से हादसे का खतरा बना है। बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए पेड़ों की कटाई छटाई व तारों को दुरुस्त करने के नाम पर लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद आपूर्ति व्यवस्था पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है। अगलखी की घटनाएं शुरू हो गई है। लेकिन जगह-जगह झुके हुए खंबे व झूलते हुए जर्जर तारों को बदला नहीं जा सका है।

तेज गर्मी के साथ ही पछुआ हवा चलने से बिजली के तारों के आपस में टकराने का खतरा बढ़ गया है। छोटी सी चिंगारी किसानों के अरमानों पर पानी फेर सकती है। लेकिन इसे लेकर विभाग सजग नहीं दिख रहा। अमौली गांव में झुका हुआ बिजली का खंबा हर समय हादसे को आमंत्रण दे रहा है। यह समस्या साल भर से बनी हुई है। लेकिन किसी भी जिम्मेदार का ध्यान इस तरफ नहीं जा रहा। बरियावन में शराब के ठेके के पास 11 हजार वोल्टेज बिजली का खंभा झुकने से हर समय आग लगने की संभावना बनी रहती है।

खंभा झुक जाने से बिजली के तार हल्की सी हवा चलने पर भी बगल में पेड़ की टहनियों में छू जाते हैं। पास में ही तैयार गेहूं का लंबा प्लांट है। अगर जरा सी चिंगारी गिरी तो बड़ा हादसा हो सकता है। दयालपुर गांव में बिजली का तार काफी नीचे झूल रहा है। लेकिन किसी भी जिम्मेदार की नजर इस ओर नहीं जा रही। यहां बिजली लाइन दौड़ने में जमकर लापरवाही बरती गई मानक के विपरीत अधिक दूरी पर खंभे लगाए गए हैं। जिससे यह समस्या बनी हुई है। कभी भी हादसा हो सकता है। ईश्वरपुर गांव में अतुल सिंह के खेत के पास झूल रहा बिजली का तार आज भी कसा नहीं गया है।

रामनगर नरसिंहपुर के राज मंगल पाठक के खेत में बिजली का तार काफी नीचे झूल रहा है। जिसके चलते विवश होकर उन्हें गेहूं की कटाई मजदूर से करानी पड़ती है। इन समस्याओं को लेकर ग्रामीण कई बार जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कर चुके हैं। लेकिन लापरवाही के चलते समस्या आज भी बनी हुई है। जो किसी दिन बड़े खतरे का कारण बन सकती है। अवर अभियंता अरविंद सिंह ने कहा कि जहां से शिकायत मिलती है लाइनमैन को भेज कर तुरंत बिजली के ढीले तारों को कसाया जाता है। उक्त जगह पर समस्याओं को दिखावा कर जल्द ही समस्या दूर कराएंगे।

# पार्षद रामपाल यादव असपा से जीतकर बीजेपी में शामिल वार्ड 13 के जिताने वाले वोटरों में भारी रोष

युरेशिया संवाददाता



मेरठ-मेरठ में हुए 2023 नगर निगम चुनाव में आजाद समाज पार्टी से रामपाल यादव ने वार्ड नं0 13 से भारी मतों से जीत हासिल की थीं। रामपाल यादव का आजाद समाज पार्टी (काशीराम) से मोह भंग होने के बाद बीजेपी का दामन थाम लिया हैं।पार्षद रामपाल यादव का कहना है कि यदि आजाद समाज पार्टी में रहा तो क्षेत्र का विकास नही होगा।क्योंकि बीजेपी के नेता मुझे वार्ड में ठीक से काम नहीं करने देंगे।इसलिये मुझे अपने वार्ड में कार्य कर चमकाना है।उधर क्षेत्र की जनता में रोष है।जाटव समाज का कहना है कि हमने बसपा को वोट न देकर भाई चंद्रशेखर आजाद और आजाद समाज पार्टी पर भरोसा कर वोट किया था।पार्षद रामपाल यादव ने वार्ड की जनता के साथ साथ भाई चंद्रशेखर को भी धोखा दिया है।सबसे ज्यादा रोष वार्ड 13 के जाटव समाज में है।

# लाइब्रेरी साइंस में हुआ व्याख्यान का आयोजन

### लाइब्रेरी एण्ड इन्फॉर्मेशन साइंस डिपार्टमेंट में ''इन्फॉर्मेशन लिटरेसीः यूजेज ऑफ लाइब्रेरी एण्ड ऑनलाईन रिर्सोसेज''



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रोफेसर व डीन, डॉ0 एम0पी0 सिंह ने ''इन्फॉर्मेशन लिटरेसी यूजेज ऑफलाइब्रेरी एण्ड ऑनलाईन रिर्सोसेज'' विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ0 सुधीर त्यागी ने मुख्य वक्ता प्रो0 डॉ0 एम0पी0 सिंह एवं विभाग के सभी शिक्षकों के साथ मिलकर माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर किया। विभागाध्यक्ष डॉ0 सुधीर त्यागी ने मुख्य वक्ता डॉ0 एम0पी0 सिंह का संक्षिप्त परिचय दिया। इस अवसर पर डॉ0 एम0पी0 सिंह ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज सूचना साक्षरता सूचना की आवश्यकता होने पर पहचानने की क्षमता हैं और आवश्यक जानकारी का पता लगाने, मूल्यांकन करने और प्रभावी ढंग से उपयोग करने की क्षमता हैं। सूचना का होना आज अत्यन्त महत्वपूर्ण है जिससे जानकारी एकत्र करना और उसका उपयोग करना सरल व कुशल बनाया जा सके। आज के परिवेश में सूचना साक्षरता की आवश्यकता अत्यधिक है। दुनियाभर में हम प्रति सेकेण्ड ढेरों जानकारियों का उपभोग करते है। हम इन्टरनेट के माध्यम से सर्च करते है अपने फोन पर अपडेट प्राप्त करते है साथ ही हम अपनी नौकरियों या शिक्षा कक्षाओं के लिए सक्रिय पाठक भी हैं। हमें आजीवन सीखने के लिए सूचना साक्षरता की आवश्यकता है हमारे पास उपलब्ध संसाधनों की मात्रा पहले की तुलना में कही अधिक जटिल व चुनौतीपूर्ण है। इतनी अत्यधिक तकनीकी प्रगति से परिपूर्ण आज की दुनिया में अत्यधिक सूचनाओ व जानकारियों का विस्फोट दिन प्रतिदिन हो रहा हैं। सूचना साक्षरता के उपकरण जैसे सॉफ्टवेयर सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग करने की क्षमता, संसाधन साक्षरता, सूचना संसाधनों के स्वरूप, प्रारूप, स्थान और पहुँच के तरीकों को समझने की क्षमता, सामाजिक संरचनात्मक साक्षरता जानकारी कैसे सामाजिक रूप से स्थित और उत्पादित की जाती है इसका ज्ञान आज सूचनाओं के विशाल संग्रह में बहुत सारी अनुपयोगी, पक्षपातपूर्ण, त्रुटिपूर्ण व अपूर्ण सूचनाएँ भी भरी पडी है। इसलिए विभिन्न कोणो से मूल्यांकन भी अत्यन्त आवश्यक हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ0 सुधीर त्यागी ने कहा कि बदलते परिदृश्य में पुस्तकालय व सूचना विज्ञान का क्षेत्र निरन्तर विकसित हो रहा हैं। डिजिटल युग में पुस्तकालय के वर्तमान युग में बढतें कदम के फलस्वरूप आज सूचना साक्षरता की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। सूचना साक्षरता किसी व्यक्ति की वह योग्यता है जिसके द्वारा जाना जाता हैं कि उसे किस सूचना की आवश्यकता है तथा वह सूचना कहाँ मिलेगी। आज हर तरफसे सूचना का विस्फोट हो रहा है। ऐसे में सही सही सूचना कम से कम प्राप्त कर लेना एक महती योग्यता है। अंत में डॉ0 सपना शर्मा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक डॉ0 सुधीर त्यागी, डॉ0 सपना शर्मा, डॉ0 अल्पना उपस्थित रहें सभी विद्यार्थियों ने प्रदत्त जानकारियों को जानने में विशेष रूचि दिखाई।

# सुभारती विधि संस्थान में हुआ वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

### दल-बदल राजनीति, राजनीतिक स्वतंत्रता का एक वैध मानक विषय पर हुआ वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

युरेशिया संवाददाता




मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान द्वारा 9वें सुभारती एवं उन्मुक्त भारत राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 2024 का दो दिवसीय आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया । इस वाद - विवाद प्रतियोगिता का विषय ''दल-बदल राजनीति, राजनीतिक स्वतंत्रता का एक वैध मानक है'' निर्धारित किया गया था। प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र के अवसर पर सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के थपलियाल, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा एवं सुभारती विधि संस्थान के संकाय अध्यक्ष प्रो डॉ वैभव गोयल भारतीय ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की । अवगत हो कि इस राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में लगभग 13 प्रदेशों व केन्द्र शासित प्रदेशों के विश्वविद्यालय की 33 टीमों के 66 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम का संचालन बीएएलएलबी की छात्रा इफरा सिद्दीकी व पलक त्यागी ने किया। निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग,शहीद मंगल पाण्डेय स्नातकोत्तर महिला कॉलेज की डॉ. उशा साहनी, लोकपाल, मनरेगा, मेरठ मण्डल की अंशु त्यागी एवं जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, चंदौली, की सदस्य नितिन ढिल्लन शामिल रहीं। द्वितीय दिवस समापन सत्र में कार्यक्रम की संयोजिका आफरीन अल्मास एवं एना सिसोदिया ने बताया कि निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार केरल विश्वविद्यालय की टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया है । इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ वक्ता का प्रथम स्थान हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ विश्वविद्यालय की देवांशी शर्मा, द्वितीय स्थान केरल विश्वविद्यालय की पदमा एस तथा तृतीय स्थान नारसी मुंजी इंस्टिट्यूट इंदौर की अनुष्का त्रिपाठी व प्रवीण गांधी लॉ कॉलेज की सुहा शेख ने प्राप्त किया। सुभारती विधि संस्थान के निदेशक राजेश चन्द्रा (पूर्व न्यायमूर्ति, प्रयागराज उच्च न्यायालय) ने विजेता घोषित किये गये सभी प्रतिभागियों को बधाई देने के साथ उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता में सुभारती विधि संस्थान के विद्यार्थियों जोया, परमजीत, अनुश्रेष्ठ, अमीना एवं कसक आदि का योगदान रहा।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद में 19 अप्रैल व 26 अप्रैल 2024 को किया गया मतदान दिवस घोषित

### उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशो के क्रम में कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से कारखानों में मतदान के दिवस को किया गया सार्वजनिक अवकाश घोषित, अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे नहीं लिया जाएगा कार्य

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा ने बताया कि प्रमुख सचिव, श्रम, उत्तर प्रदेश शासन की शासनादेश दिनॉक 27 मार्च 2024 के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के प्रेस नोट दिनॉक 16.03.2024 द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा 136-ददरौल (जनपद-शाहजहॉपुर), 173-लखनऊ पूर्व (जनपद लखनऊ), 292-गैसडी (जनपद बलरामपुर) तथा 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) (जनपद सोनभद्र) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन-2024 हेतु कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान सात चरणों में तथा 136-ददरौल (जनपद-शाहजहॉपुर), 173-लखनऊ पूर्व (जनपद लखनऊ), 292-गैसडी (जनपद बलरामपुर) तथा 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) (जनपद सोनभद्र) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन-2024 हेतु मतदान भिन्न-भिन्न तिथियों को मतदान सम्पन्न कराया जाना है, के क्रम में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना है। यह अवकश 14 निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट 1881 (1881 का एक्ट संख्या 26) के अन्तर्गत आता है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा ऐसी अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का प्राविधान है। अतः प्रदेश में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन, 2024 के अन्तर्गत कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-135 ख में निहित प्राविधानानुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लेने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद मेरठ में प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण में दिनॉक 19.04.2024 (शुक्रवार) एवं दिनॉक 26.04.2024 (शुक्रवार) को मतदान दिवस घोषित किया गया है।

उत्तर प्रदेश शासन के उपरोक्त निर्देशो के क्रम में जनपद मेरठ में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-135 ख में निहित प्राविधानानुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लिया जाएगा।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद में 19 अप्रैल व 26 अप्रैल 2024 को किया गया मतदान दिवस घोषित

### नगर निगम क्षेत्र मेरठ, नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्र जिसमें कोई दुकान या वाणिज्यिक अधिष्ठान स्थित है, ऐसी दुकान या वाणिज्यिक अधिष्ठान द्वारा मनाया जाने वाला सामान्य साप्ताहिक छुट्टी का दिन नहीं है, तो मतदान के वास्तविक दिन माना जायेगा बन्दी दिवस के रूप में

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा ने बताया कि प्रमुख सचिव, श्रम, उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना दिनॉक 27 मार्च 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 26 सन 1963) की धारा-3 की उप धारा-3 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा 136-ददरौल(जनपद-शाहजहॉपुर), 173-लखनऊ पूर्व (जनपद लखनऊ), 292-गैसडी (जनपद बलरामपुर) तथा 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) (जनपद सोनभद्र) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग के पत्र दिनॉक 16.03.2024 के क्रम में प्रदेश के जनपदों में चरणबद्ध भिन्न-भिन्न तिथियों को मतदान किया जाना है। जनपदों में दुकानों और वाणिज्यिक अधिष्ठानों को मतदान के वास्तविक दिन के लिए जहॉ लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 तथा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन, 2024 के सम्बन्ध में मतदान किया जाना है,उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्यिक अधिश्ठान, 1962 की धारा-8 के उपबन्धों के प्रवर्तन से इस शर्त के अधीन रहते हुए लोकहित में यह छूट प्रदान करते है कि यदि मतदान के वास्तविक दिन उस क्षेत्र में जिसमें कोई दुकान या वाण्ज्यिक अधिष्ठान स्थित है, ऐसी दुकान या वाणिज्यिक अधिष्ठान द्वारा मनाया जाने वाला सामान्य साप्ताहिक छुट्टी का दिन नहीं है, तो मतदान के वास्तविक दिन बन्दी दिवस के रूप में माना जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद मेरठ में प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण में दिनॉक 19.04.2024 (शुक्रवार) एवं दिनॉक 26.04.2024 (शुक्रवार) को मतदान दिवस घोषित किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की उपरोक्त अधिसूचना के आलोक में अधिनियम की धारा-8 के उपबन्धों के प्रवर्तन से नगर निगम क्षेत्र मेरठ, नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में जिसमें कोई दुकान या वाणिज्यिक अधिष्ठान स्थित है, ऐसी दुकान या वाणिज्यिक अधिष्ठान द्वारा मनाया जाने वाला सामान्य साप्ताहिक छुट्टी का दिन नहीं है, तो मतदान के वास्तविक दिन बन्दी दिवस के रूप में माना जाएगा।

## 17 व 23 अप्रैल को किया जायेगा प्रत्याशियों का लेखा मिलानः जिलाधिकारी

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिलाधिकारीध्रिटर्निंग आफिसर दीपक मीणा ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में प्रत्याशियों के लेखा मिलान निर्वाचन अवधि में तीन बार किया जाना है। प्रथम लेखा मिलान 10 अप्रैल 2024 को किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि द्वितीय मिलान दिनांक 17 अप्रैल 2024 को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 04.00 बजे तक कलेक्ट्रेट कोषागार मेरठ तथा तृतीय मिलान दिनांक 23 अप्रैल 2024 को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 04.00 बजे तक कलेक्ट्रेट कोषागार मेरठ में किया जायेगा।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)